


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 184

ग्वालियर, शुक्रवार, 25 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया में अलग पहचान दिलाई : राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

### गुजरात विधानसभा में राष्ट्रपति ने कहा-दो गुजराती प्रधामंत्री के साथ काम करने का अवसर मिला

**अहमदाबाद।** गुजरात के दो दिवसीय गुजरात दौरे पर गांधीनगर पहुंचे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राज्य विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में आकर आनंद हुआ है उन्होंने कहा कि दो गुजराती प्रधानमंत्री के साथ काम करने अवसर मिला है पहले पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई और दूसरे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया में अलग पहचान दिलाई है राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुजरात विधानसभा की प्रथम महिला अध्यक्षा डॉ. नीमाबेन आचार्य का अभिनंदन किया अपने 19 मिनट के भाषण में राष्ट्रपति ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण संयोग है कि जब आजादी के अमृत महोत्सव के विधानसभा की कार्यवाही चल रही है 19वीं शताब्दी के अंतिम दशक में दादाभाई नवरोजी और फिरोजशा जैसे लोगों ने आजादी की आवाज बुलंद की गांधी जी ने न केवल स्वतंत्रता दिलाई बल्कि दुनिया को एक नया रास्ता भी दिखाया आज दुनिया में जहां भी हिंसा होती है तब गांधी जी को याद किया जाता है राष्ट्रपति ने कहा कि नमक सत्याग्रह और दांडी कूच ने स्वतंत्रता संग्राम को एक स्वरूप दिया था स्वतंत्रता संग्राम ने ही सरदार पटेल जैसे नेता देश को भेंट किया था उन्होंने केवडिया में सरदार पटेल की सबसे विराट प्रतिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों के दिल में सरदार का स्थान उससे भी विराट था संत नरसिंह मेहता का भजन 'वैष्णव जन' स्वतंत्रता संग्राम के लिए खास गीत बन गया था राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि सोमनाथ पर आक्रमण से लेकर 2001 के भूकंप जैसी अनेक त्रासदियां झेलने के बावजूद गुजरात मजबूती के साथ उठ खड़ा हुआ है गुजरात ने देश को विक्रम साराभाई जैसा महान वैज्ञानिक दिया है गुजरात के लगातार आर्थिक विकास के लिए राष्ट्रपति ने पूर्व मंत्री और सरकारों का भी अभिनंदन किया। और कहा कि श्वेत क्रांति से यह परिवर्तन संभव हुआ है राज्य में सहकारिता क्षेत्र अग्रसर है केन्द्र में सहकार विभाग बनाया है और उसकी कमान गुजरात के अमित शाह के हाथ में है उन्होंने गुजरात के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कानून बनाने के लिए गुजरात विधानसभा का अभिनंदन किया डॉ. नीमाबेन आचार्य के रूप में गुजरात विधानसभा को पहली महिला अध्यक्षा मिली हैं।

## कोरोना से मौत के मुआवजे का दावा करने की समय सीमा तय झूठे दावों की भी होगी जांचः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को कोरोना से मौत का मुआवजा पाने के लिए झूठे दावे दाखिल किए जाने के आरोपों की जांच की अनुमति दी है। इसके तहत आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र



और केरल में दाखिल हुए 5 प्रतिशत दावों की समीक्षा की जाएगी। इन चार राज्यों में मुआवजे के लिए किए जाने वाले दावों और कोरोना से मौत के आधिकारिक आंकड़े में सबसे ज्यादा अंतर देखा गया। कोर्ट ने 28 मार्च तक होने वाली मौत के मुआवजे का दावा करने के लिए मियाद भी तय कर दी है। अदालत ने इसके लिए समय सीमा 60 दिन का रखा है। भविष्य में होने वाली मौत का मुआवजा पाने के लिए दावा भी 90 दिन के भीतर करना होगा। कोर्ट ने 28 मार्च तक होने वाली मौत के मुआवजे का दावा करने के लिए मियाद भी तय कर दी है। अदालत ने इसके लिए समय सीमा 60 दिन का रखा है। भविष्य में होने वाली मौत का मुआवजा पाने के लिए दावा भी 90 दिन के भीतर करना होगा।

## सांसद वरुण गांधी ने रिटेल निवेशकों को हो रहे नुकसान पर चिंता जाहिर की



**मुंबई।** शेयर बाजार पिछले कुछ सप्ताह से गिरावट की चपेट में है। चुनिंदा दिनों को छोड़ इसमें लगातार गिरावट देखी जा रही है। बिकवाली के दौर से सबसे ज्यादा घाटे में रिटेल इन्वेस्टर्स रहे हैं। केंद्र से बगावती तेवर में चल रहे बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने रिटेल निवशकों को हो रहे नुकसान पर चिंता जाहिर है। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने आर्टिकल में लिखा है, कि रिटेल इन्वेस्टर्स बीते 3 सप्ताह में पूरे साल भर की कमाई गंवा चुके हैं। वरुण गांधी ने कहा है कि भारत के खुदरा निवेशक 15 लाख करोड़ रुपये गंवा चुके हैं। वरुण कहते हैं कि रिटेल इन्वेस्टर्स को हुए नुकसान के तीन मुख्य कारण कमॉडिटीज की कीमतों में तेजी, सुस्त होती अर्थव्यवस्था और रूस-यूक्रेन की जंग है। शेयर बाजार में नए जमाने की टेक कंपनियों के बुरे हाल का भी उन्होंने हवाला देकर कई गंभीर सवाल उठाए। बीते कुछ महीनों के दौरान आईपीओ लाकर बाजार में लिस्ट हुई कुछ कंपनियों का परफॉर्मेंस बेहद निराशाजनक रहा है। इसमें प्रमुख पेटीएम , जामैटो,नयाका, पॉलिसी बाजार जैसी कंपनियां शामिल हैं। इनमें से कुछ के स्टॉक तो इश्यू प्राइस की तुलना में 75-80 फीसदी तक नीचे आ चुके हैं। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने अपनी बात रखकर पेटीएम का हवाला दिया।

# विधायकों को संबोधित कर योगी ने कहा.... पहली बार लोगों को लगा गरीबों के मकान बन सकते हैं

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं पीएम मोदी, केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित शाह, रघुवर दास और पूरी पार्टी का धन्यवाद करता हूं। 5 साल तक यूपी जैसे राज्य में हम सभी को सेवा का अवसर देने के बाद पीएम के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की नई सरकार के गठन के लिए विधायक दल का नेता मुझे चुना गया है। मैं अभारी हूं आप सबका। सुरेश खन्ना के प्रस्ताव पर सूर्य प्रताप शाही, बेबी रानी मौर्य, रामनरेश अग्निहोत्री, सुशील शाक्य, नंदगोपाल नंदी ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया और आप सभी ने प्रस्ताव का समर्थन दिया है, मैं आभार व्यक्त करता हूं।

यूपी के इतिहास में ये पहली बार हुआ है, जब कोई सीएम पांच साल तक काम के बाद पार्टी द्वारा सत्ता में आ जाए। पहले आम चुनाव से लेकर अब तक ये पहली बार हुआ है। ये पीएम मोदी के मार्गदर्शन से संभव हुआ है। अमित शाह जब यूपी के प्रभारी थे, तब उन्होंने संगठन की मजबूती से नींव रखी। 2014 में केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जो भी कार्यक्रम प्रारंभ हुए, 2017 में विधानसभा चुनाव से पहले उन योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया गया। यूपी की 25 करोड़ जनता की सेवा के लिए सुरक्षा का



बेहतर माहौल, गरीब कल्याणकारी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ पहुंचाया गया है, उसका परिणाम जनता ने हमें दिया है। यूपी देश में मॉडल के रूप में प्रस्तुत हुआ, इसके लिए अभिभावक के रूप में केंद्रीय नेतृत्व का सहयोग मिलता रहा। हमें कोई भी जानकारी नहीं थी, एक सांसद के रूम में मैं अपनी बात को संसद में रखता था लेकिन शासकीय कार्य कैसे होना है, इसकी जानकारी नहीं थी। सांसद के रूप में एक संसदीय क्षेत्र में सीमित रहते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी बड़ी होती है। योगी ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में पीएम मोदी के समर्थन से यूपी में कई विकास परियोजनाएं सफलतापूर्वक की गई। पहली बार लोगों को लगा कि गरीबों के लिए घर बन सकते हैं।

### मोदी छाप होगी सीएम योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट दिल्ली में चल रहा मंथन

**नई दिल्ली।** योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लगातार दूसरी बार उत्तर प्रदेश के सीएम की शपथ लेने वाले हैं। इससे पहले भाजपा उनकी कैबिनेट में किसे क्या जगह मिलेगी, इस पर मंथन करने में जुटी है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि योगी 2.0 सरकार पर भी पीएम नरेंद्र मोदी की पूरी छाप देखने को मिलेगी। यही वजह है कि यूपी में सरकार गठन को लेकर दिल्ली में लगातार बैठकों का दौर जारी है। इस बीच होम मिनिस्टर अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष और राज्य के चुनाव प्रभारी रहे धर्मेंद्र प्रधान की दिल्ली में मीटिंग चल रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सीएम योगी आदित्यनाथ 45 मंत्रियों के साथ शपथ ले सकते हैं। बुधवार को भी योगी आदित्यनाथ ने होम मिनिस्टर अमित शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। भाजपा के आंतरिक सूत्रों ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की यूपी में सरकार गठन पर नजर है और उन्हें विश्वास में लेते हुए ही सारे फैसले लिए जा रहे हैं। हालांकि उन्होंने इस बात को लेकर इनकार किया कि कैबिनेट को लेकर किसी तरह का मतभेद और इसी के चलते शपथ ग्रहण समारोह में देरी की जा रही है। हालांकि किसी भी फैसले को लेकर नेता पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। अब तक यह भी मालूम नहीं चला है कि किसे डिप्टी सीएम रखा जाएगा और इनकी संख्या कितनी होगी।

## ममता का ऐलान, मृतक के परिवार को 5 लाख, घर चलाने के लिए 10 लोगों को नौकरी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बीरभूम हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों से मिलने रामपुरहाट के बगतुई गांव पहुंचीं। इस दौरान ममता बनर्जी ने कहा कि प्रशासन की तरफ से बड़ी लापरवाही हुई है, टीएमसी नेता की हत्या के बाद पुलिस को अलर्ट होना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जो भी इसके पीछे है, उन्हें सख्त सजा मिलेगी। मृतक के परिवार को 5 लाख, जिनके घर जले है उन्हें एक लाख रूपए और घर चलाने के लिए 10 लोगों को नौकरी मिलेगी। वहीं गुरुवार को तृणमूल का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने संसद पहुंचा है। प्रतिनिधिमंडल में डेरेक ओ ब्रायन, महुआ मोइत्रा, सुदीप बंदोपाध्याय सहित अन्य नेता मौजूद हैं। मीडिया से बात कर टीएमसी नेता बंदोपाध्याय ने कहा कि बीरभूम के रामपुरहाट की घटना को देखकर गृहमंत्री से राज्यपाल को हटाने के लिए कहा है। हमने जो पत्र मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दिया, वहीं पत्र की कॉपी गृह मंत्री अमित शाह को दिया है। वहीं लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को पत्र लिखकर उनसे पश्चिम बंगाल में अनुच्छेद 355 लागू करने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार चले। चुनाव के बाद की हिंसा और बीरभूम जिले में मंगलवार की उस घटना का हवाला देते हुए, जिसमें आठ लोगों को जला दिया गया था, उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

## खास खबर

### उमर खालिद को दिल्ली की अदालत ने जमानत देने से किया इंकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने गुरुवार को जेएनयू के पूर्व छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद को 2020 की पूर्वोत्तर दिल्ली हिंसा से संबंधित बड़ी साजिश के मामले में जमानत देने से इंकार कर दिया है। उन्हें 14 सितंबर, 2020 को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने 3 मार्च को खालिद और अभियोजन पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान आरोपी ने अदालत से कहा था कि अभियोजन पक्ष के पास उसके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सबूतों का अभाव है। खालिद और कई अन्य लोगों के खिलाफ फरवरी 2020 के दंगों के सिलसिले में आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हो गए थे। फरवरी 2020 में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी। खालिद के अलावा, कार्यकर्ता खालिद सैफी, जेएनयू छात्रा नताशा नरवाल व देवांगना कालिता, जामिया समन्वय समिति की सदस्य सफूरा जरगर, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व निगम पार्षद ताहिर हुसैन और कई अन्य लोगों के खिलाफ भी यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### महिला आर्टिस्ट ने खून से बनाया द कश्मीर फाइल्स का पूरा पोस्टर

**मुंबई।** विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स को देखने के लिए लोगों में दिन पर दिन क्रेज बढ़ता जा रहा है। फिल्म ना ही सिर्फ 90 के दशक में कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के हुए नरसंहार की कहानी बताती है, बल्कि यह फिल्म लाखों-करोड़ों दर्शकों के दिलों को भी छू रही है। इस फिल्म की कहानी झकझोर कर रख देने वाली है, इसकारण फिल्म को देखने के बाद कई लोगों की आंखों से आंसू निकल आए। महिला आर्टिस्ट फिल्म से इतनी प्रभावित हो गई कि उसने अपने खून से फिल्म का पोस्टर बना दिया। अग्निहोत्री ने खुद ट्वीट शेयर कर इसकी जानकारी देकर महिला को शुक्रिया अदा किया। वह कहते हैं, ना कि एक आर्टिस्ट ही मन के भाव को कैनवस पर उतार सकता है। ठीक ऐसा ही कुछ हुआ जब एक आर्टिस्ट महिला ने फिल्म द कश्मीर फाइल्स देखी और मन में उठ रहे आक्रोश और पीड़ा समेत कई भावों को अपने खून से कैनवस पर उतार दिया। विवेक अग्निहोत्री की नजर अखबार में छपी एक खबर पर गई जहां यह जानकारी दी गई थी कि मंजू सोनी नाम की एक आर्टिस्ट ने द कश्मीर फाइल्स फिल्म देखकर अपने खून से फिल्म का पूरा पोस्टर बना दिया।

### पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पीएम मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद मान ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने मुझे जीत की बधाई दी। मुझे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा पर मदद का भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने दो साल तक हर एक साल 50000 करोड़ का वितीय मदद देने की मांग की है। मान ने कहा कि पंजाब को दोबारा देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद भगवंत मान की पीएम मोदी से पहली मुलाकात है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता भगवंत मान ने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के गांव खटकड़ कलां में 16 मार्च को हजारों लोगों की मौजूदगी में पंजाब के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने मान को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई भी दी थी। पंजाब विधानसभा चुनाव में आप को 117 में से 92 सीट पर जीत मिली है।

### फूड प्वाइजनिंग से 17 बच्चे बीमार, स्टाल पर खाया था खाना

**पटना।** पटना में बिहार दिवस के मौके पर औरंगाबाद से आए 17 बच्चे फूड स्टाल में दिए जा रहे खाने को खाकर बीमार पड़ गए। इसके बाद सभी बच्चों को अस्पताल भेजा गया। जहां 5 बच्चों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। वहीं 12 बच्चों का अभी भी इलाज जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि खराब खाना खाकर बच्चों को फूड प्वाइजनिंग और डिहाइड्रेशन हो गया है। बता दें, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राज्य के 110वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह का यहां उद्घाटन किया। कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए राज्य के समृद्धशाली अतीत, स्वतंत्रता के बाद आए ठहराव और समाज, अर्थव्यवस्था तथा पर्यावरण के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए उनकी सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में चर्चा की। कुमार ने कलकत्ता प्रसिडेंसी से अलग होने और 1912 में राज्य के निर्माण को याद किया।

## भाजपा महिला मार्चो का नया गाना.... अभी राम को लाएं हैं आगे कृष्ण को लाएंगे...



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दूसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले हैं। लखनऊ में भव्य समारोह में शाम 4 बजे योगी कुछ मंत्रियों के साथ शपथ लेने वाले हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित तमाम राज्यों के मुख्यमंत्री के साथ विपक्षी नेता शामिल हो सकते हैं।

योगी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा था कि शपथ ग्रहण से पहले कार्यकर्ता अपने-अपने जिलों में और घर में सरकार के लिए पूजा पाठ करें। नोएडा में गुरुवार को बीजेपी महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सनातन धर्म मंदिर में भजन और कीर्तन किया। भजन कीर्तन में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची, महिलाएं अपने साथ ढोलक मंजीरा लेकर आई थी। पूजा की शुरुआत महिलाओं ने माता रानी के गीत और भजन से किया लेकिन देखते ही देखते महिलाओं की जुबान पर वहां गाना आ गया, जिसके शब्दों में राम आते हैं और भाव में योगी। जो राम को लाए हैं, हम उन्हें लाएंगे, यूपी में फिर से हम भगवा लहराएंगे यूपी चुनाव में गाने ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे यूपी में यह गाना लोगों की जुबान पर छाया रहा। आज भजन के बाद महिलाएं इस गाने को खुद गाती नजर आई हालांकि इस बार महिलाओं ने गाने के बोल थोड़ा बदल दिए आज गाने के बोल थे अभी राम को लाएं हैं आगे कृष्ण को लाएंगे.. यूपी में आगे भी भगवा लहराएंगे इस गाने पर महिलाएं जमकर नाचती दिखीं। महिला कार्यकर्ता कहती हैं, कि पहले हमें रात में 10-11 बजे निकलना होता था,तब डर लगता था कि कहीं कोई थप्पड़ मारके उठा ना ले जाए लेकिन अब योगी के राज में किसी की हिम्मत नहीं है कि वह महिलाओं को नुकसान पहुंचा सके। हम हर रोज योगी आदित्यनाथ के लिए प्रार्थना करते हैं। वैसे भी योगी हैं और ईश्वर के सबसे ज्यादा करीब है। बीजेपी नोएडा महानगर की महामंत्री डिंपल आनंद कहती हैं कि योगीराज में महिलाओं के लिए खूब सारे काम हुए हैं और आगे भी होने वाले हैं। इस चुनाव की दिशा और दशा महिलाओं ने तय की है, तीन तलाक जैसे बड़े कानून लाकर मोदीजी और योगी जी ने महिलाओं का दिल जीता है, उन्होंने सिर्फ महिलाओं को ही नहीं बल्कि आने वाली कई पीढ़ियों को सुरक्षित रखने का इंतजाम किया है, आज महिलाएं प्रदेश और देश में सिर्फ योगी और मोदी को ही चाहती हैं।

## बांग्लादेश के एक स्कूल ने भी लगाई बुर्के पर लगाई पाबंदी

### हिजाब में घुस जाते थे लड़के, हंगामा

**ढाका।** भारत राज्य कर्नाटक की ही तरह बांग्लादेश के नोआखाली के सेनबाग उपजिले में एक स्कूल के क्लासरूम में छात्राओं के बुर्का पहनने पर पाबंदी लगा दी गई है। स्कूल के इस आदेश के बाद जगह-जगह पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्कूल की तरफ एक नोटिस में कहा गया था कि लड़कियां कक्षा में दाखिल होने के बाद अपना चेहरा नहीं ढक सकती हैं। हालांकि, बाद में मैनेजमेंट ने इस नोटिस को वापस ले लिया। इस पूपे घटनाक्रम के दो सप्तास से अधिक समय हो गए हैं। इसके बावजूद लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हाथों में पोस्टर-बैनर लिए लोग इसकी आलोचना कर रहे हैं। बीबीसी ने



अपनी रिपोर्ट में स्थानीय लोगों के हवाले से कहा है कि स्कूल प्रबंधन कमेटी के चुनाव के कारण से इस मामले को उछाला गया है। हालांकि, स्कूल प्रशासन का कहना है कि नोटिस की गलत व्याख्या की गई है। भ्रम की स्थिति के कारण नोटिस वापस लेना पड़ा। मालूम हो कि स्कूल के बाहर मानव श्रंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया। वहीं, एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि लड़कियों की क्लास में लड़कों के बुर्का पहनकर आने की कई घटना सामने आई थी। लड़कियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल प्रशासन ने इस तरह का फैसला लिया। स्कूल प्रबंधन ने कक्षा में प्रवेश करने के बाद चेहरा नहीं ढकने का एक निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि नोटिस में बुर्का ना पहनने या उसपर पाबंदी की कोई बात नहीं थी। उन्होंने कहा कि कई बार स्कूल में नहीं पढ़ने वाली लड़कियां भी क्लास में आ जाती थी। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में स्कूल प्रबंधन के हवाले से कहा है कि स्कूल के पास एक बाजार में लड़कों ने एक अड्डा बना लिया था। बाजार समिति ने इसके खिलाफ कार्रवाई की। इसके बाद वे लड़के स्कूल को अपना अड्डा बना लिया।

## मध्यप्रदेश के गेंहू को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की तैयारी में जुटे शिवराज

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गेहूं निर्यात के मामले पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ गुरुवार को बड़ी बैठक की। बैठक में फूड प्रोसेसिंग से संबंधित, रेलवे से संबंधित तमाम बड़े अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री चौहान ने निर्यातकों से भी बातचीत की। दरअसल, गेंहू के निर्यात में आई तेजी के बाद शिवराज सिंह चौहान की कोशिश मध्यप्रदेश के गेंहू को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की है। प्रदेश के गेहूं को निर्यात करने के लिए सीएम



शिवराज ने कमर कस ली है। गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराज जब दिल्ली पहुंचे, तब उन्होंने कहा कि वह केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और निर्यातकों के साथ बैठक कर इस बारे में सरकार के स्तर पर कोई बड़ा फैसला करवाएंगे। पिछले कुछ दिनों में भारत से गेहूं का निर्यात बढ़ा है। अब प्रदेश के किसानों के गेहूं का निर्यात बढ़ाने के लिए शिवराज सरकार भी कोशिशों में लगी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं की कीमतों की बात करें,तब इस समय 24-25 हजार रुपए प्रति टन के करीब चल रही हैं। देश में इस साल गेहूं की रिकॉर्ड पैदावार भी हुई है, जिसके चलते देश के किसानों को इस बार गेहूं की अच्छी खासी कीमत मिल रही है। मध्य प्रदेश का शरबती गेहूं 5600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बिक रहा है। ये अब तक की सबसे ज्यादा कीमत है। इससे पहले सीहोर की आष्टा मंडी में 5 हजार रुपए प्रति क्विंटल गेहूं बिका है। बता दें कि रूस और यूक्रेन दुनिया के बड़े गेहूं उत्पादक देश माने जाते हैं। इनका वैश्विक गेहूं निर्यात में 30 फीसदी शेयर है।



## न्यूज़ ट्रैक....

### आईपीएल के लिए टिकट ब्रिकी शुरु

**मुंबई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र की शुरुआत शनिवार से चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाईट राइडर्स (केकेआर) के बीच होने वाले मैच से होगी। इस बार आईपीएल में दर्शकों को भी प्रवेश मिलेगा। वहीं इससे पहले कोरोना महामारी के कारण पिछले दो साल से दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश नहीं मिला था पर इस बार आईपीएल मुकाबले दर्शकों के बीच ही खेले जाएंगे। प्रशंसकों के रहने से खेल का भी रोमांच बढ़ने के साथ ही खिलाड़ियों का भी उत्साह बढ़ेगा। दर्शक के लिए टिकट की ऑनलाइन बुकिंग भी शुरु हो गयी है। आईपीएल मुकाबले मुंबई, नवी मुंबई और पुणे में खेले जाएंगे। इसमें कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत 25 फीसदी दर्शकों को ही प्रवेश मिलेगा। 20-20 मैच वानखेड़ और डीवाई पाटिल स्टेडियम में होंगे जबकि 15-15 मैच ब्रेबोर्न और पुणे के एमसीए स्टेडियम में खेले जाएंगे। आईपीएल का प्रायोजन इस बार टाटा कर रही है।

### नीरज चोपड़ा ने शुरु किया अपना यूट्यूब चैनल

**नई दिल्ली** । ओलंपिक स्वर्ण विजेता नीरज चोपड़ा ने अपना एक यूट्यूब चैनल शुरू किया है। जिससे अब वह अपने प्रशंसकों से सीधे बात कर सकेंगे। चोपड़ा इसमें खेल और फिटनेस पर लंबे और छोटे वीडियो के जरिये अपनी कहानियां साझा करेंगे। नीरज ने सोशल मीडिया हैंडिल पर अपने 70 लाख प्रशंसकों को चैनल शुरु करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा ,'' यूट्यूब के साथ मेरा खास जुड़ाव है। मैं इसमें दुनिया भर के भालाफेंक खिलाड़ियों को देखता था। मैंने उनके वीडियो देखकर काफी कुछ सीखा है। इसके अलावा अभ्यास सत्रों के बीच मनोरंजन के लिये भी मैं यूट्यूब देखता रहा हूं।'' वहीं अब मैं अपना चैनल शुरू करने को लेकर उत्साहित हूं।

### नडाल चोटिल होने के कारण खेल से बाहर हुए

**इंडियन वेल्स** । स्पेन के टेनिस स्टार रफेल नडाल इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में चोटिल होने के कारण तकरीबन ड़ेढ माह तक के लिए खेल से बाहर हो गये हैं। नडाल को फाइनल में टेलर फ्रिट्ज के खिलाफ हुए मैच से पहले पसली में चोट लग गयी थी। नडाल के अनुसार इससे वह निराश हैं क्योंकि सत्र की शुरुआत में ही वह अच्छा अनुभव कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे धैर्य रखना होगा और ठीक होने के बाद वापसी के लिए भी कड़ी मेहनत भी करनी होगी। इंडियन वेल्स में फ्रिट्ज के खिलाफ मैच के दौरान नडाल सहज नहीं दिखे और उन्हें सांस लेने तक में परेशानी हुई। (लंदन) ईसीबी ने रॉय पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बल्लेबाज जेसन राय पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया है। प्रतिंबंध के साथ ही उनपर 2,500 जीबीपी का जुर्माना भी लगाया गया है। ईसीबी ने हालांकि प्रतिबंध के कारणों का खुलासा नहीं किया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार राय ने प्रतिबंध लगाने के कुछ कारणों को स्वीकार किया है जो क्रिकेट के लिए नुकसानदेह हो सकते थे। राय टीम के प्रमुख बल्लेबाज है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बेहतरीन बल्लेबाज के रुप में जाने जाते हैं। ईसीबी ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि एक पूर्ण अनुशासनात्मक सुनवाई के बाद जिसमें सभी उपलब्ध सबूत सुने गए, अनुशासन पैनल ने फैसला सुनाया है कि रॉय को इंग्लैंड के अगले दो मैचों से निलंबित कर दिया जाना चाहिए। वहीं अगर वह अच्छा व्यवहार करते हैं तो इस निलंबन को समाप्त किया जा सकता है। इसके लिए उन्हें 2,500 जीबीपी का जुर्माना भी अदा करना होगा।

# भोपाल को हराकर इन्दौर संभाग ने जीती परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी

**जबलपुर/इन्दौर** । इन्दौर संभाग ने परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। भोपाल व इन्दौर संभाग के बीच खेले गये अंडर-22 इंटर डिवीजनल क्रिकेट टूर्नामेंट के चार दिवसीय फायनल मुकाबले के अंतिम दिन भोपाल संभाग को एक पारी और 131 रनों से हराकर इन्दौर संभाग की टीम यह खिताब जीतने में कामयाब रही। जबलपुर के एमपीसीए मैदान पर खेले गये इस खिताबी मुकाबले में भोपाल की 240 रनों की पहली पारी के जवाब में इन्दौर संभाग ने 180.1 ओवर में अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 510 रनों पर घोषित की और 270 रनों की निर्णायक बढ़त बनाई। इस पारी में देव बरनाले ने 231 रनों की उम्दा द्विशतकीय पारी खेली थी, जबकि सार्थक आचार्य ने 85, अभिषेक मावी ने 67 रनों का योगदान दिया। जवाब में इन्दौर के गेंदबाजों ने भोपाल की दूसरी पारी को मात्र 56 ओवर में 139 रनों पर धराशाही कर अपनी टीम को खिताबी जीत दिला दी। भोपाल के प्रखर शर्मा ने 37 व पृथ्वीराज तोमर ने 35 रन बनाये। इन्दौर के लिए पहली पारी में 6 विकेट लेने वाले आकाश राजावत ने दूसरी पारी में 3 विकेट हांसिल किये। राजर्षि श्रीवास्तव व सागर सोलंकी ने भी दूसरी पारी में 3-3 विकेट झटके।




# अय्यर की कप्तानी में खिताब जीतने उतरेगी केकेआर

**मुम्बई** । आईपीएल के 15 वें सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम अपने नये कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में उतरेगी। पिछले बार की उपविजेता रही केकेआर इस बार जीत के साथ ही तीसरी बार खिताब अपने नाम करना चाहेगी। पिछले सत्र में उसे फाइनल मुकाबले में सीएसके से हार का सामना करना पड़ा था। केकेआर ने अय्यर को मेगा नीलामी में 12.25 करोड़ रुपए में खरीदा गया था। उन्हें इयोन मॉर्गन की जगह टीम का कप्तान बनाया गया है। केकेआर का पहला मुकाबला शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा। केकेआर ने नीलामी के दौरान कई अच्छे खिलाड़ियों को खरीदा है जिनसे उसे इस बार अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। टीम ने 21 खिलाड़ियों को खरीदा। इसके अलावा आंद्रे रसेल , वरुण चक्रवर्ती , वेंकटेश अय्यर और सुनील नरेन जैसे खिलाड़ियों को बरकरार रख है।

**केकेआर की टीम :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), सुनील नरेन, आंद्रे रसेल, वरुण चक्रवर्ती, वेंकटेश अय्यर, पैट कमिंस, नितीश राणा, शिवम मावी, शेल्डन जैक्सन, अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह, अनुकुल रॉय, रसिख डार, बाबा इंद्रजीत, चमिका करुणारत्ने, अभिजीत तोमर , प्रथम सिंह, अशोक शर्मा, सैम बिलिंग्स, एरोन फिंच, टिम साउदी, रमेश कुमार, मोहम्मद नबी, उमेश यादव।

**केकेआर का कार्यक्रम इस प्रकार है**

26 मार्च - सीएसके बनाम केकेआर - शाम 7:30 बजे (वानखेड़े स्टेडियम)
30 मार्च - आरसीबी बनाम केकेआर - शाम 7:30 बजे (डीवाई पाटिल स्टेडियम)
1 अप्रैल - केकेआर बनाम पीबीकेएस - शाम 7:30 बजे (वानखेड़े स्टेडियम)
6 अप्रैल - केकेआर बनाम एमआई - शाम 7:30 बजे (एमसीए स्टेडियम, पुणे)
10 अप्रैल - केकेआर बनाम डीसी - दोपहर 3:30 बजे (ब्रेबोर्न - सीसीआई)
15 अप्रैल - एसआरएच बनाम केकेआर - शाम 7:30 बजे (ब्रेबोर्न - सीसीआई)
18 अप्रैल - आरआर बनाम केकेआर - शाम 7:30 बजे (ब्रेबोर्न - सीसीआई)
23 अप्रैल - केकेआर बनाम जीटी - दोपहर 3:30 बजे (डीवाई पाटिल स्टेडियम)
28 अप्रैल - डीसी बनाम केकेआर- शाम 7:30 बजे (वानखेड़े स्टेडियम)
2 मई - केकेआर बनाम आरआर - शाम 7:30 (वानखेड़े स्टेडियम)
7 मई - एलएसजी बनाम केकेआर - दोपहर 3:30 बजे (एमसीए स्टेडियम, पुणे)
9 मई - एमआई बनाम केकेआर - शाम 7:30 बजे (डीवाई पाटिल स्टेडियम)
14 मई - केकेआर बनाम एसआरएच - शाम 7:30 बजे (एमसीए स्टेडियम, पुणे)
18 मई - केकेआर बनाम एलएसजी - शाम 7:30 बजे (डीवाई पाटिल स्टेडियम)

# आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे कमिंस और फिंच

**मुम्बई** । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम के तेज गेंदबाज पैट कमिंस और बल्लेबाज एरॉन फिंच आईपीएल के शुरुआती मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। यह दोनो ही इस दौरान अपनी राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगे। केकेआर के मेंटर डेविड हसी ने माना है कि इन दोनो खिलाड़ियों के शुरुआती पांच मैचों में नहीं खेलने से टीम को करारा झटका लगा है पर साथ ही कहा कि अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी टीम की ओर से खेलना सबसे अहम है। कोलकाता ने आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में कमिंस को 7.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। वहीं फिंच को इंग्लैंड के बल्लेबाज एलेक्स हेल्स के विकल्प के तौर पर टीम में रखा गया था।

हसी ने कहा, ' इन दोनों खिलाड़ियों के नहीं रहने से हमारी मुश्किलें बढ़ेंगी क्योंकि हर टीम अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ उतरना चाहती है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बड़ा कुछ नहीं होना चाहिए। हर खिलाड़ी अपने देश के लिए क्रिकेट खेलना चाहता है, इसलिए उनकी कुछ जिम्मेदारियां भी होती हैं। मुझे लगता है कि कमिंस और फिंच शुरुआती पांच मैचों में नहीं रहेंगे पर जैसे ही वे आएंगे, खेलने के लिए पूरी तरह तैयार रहेंगे।' इस समय ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट सीरीज खेल रही है। इसके बाद दोनो ही टीमों को एकदिवसीय सीरीज के साथ ही एक टी20 मैच खेलना है।



जर्मनी में अभ्यास करती हुई यूक्रेनी महिला फुटबॉल टीम की खिलाड़ी।

# आईपीएल के 15 वें सत्र में नई जर्सी में नजर आयेगी सीएसके

**नई दिल्ली** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम नई जर्सी में नजर आयेगी। महेन्द्र सिंह धोनी की सीएसके का पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। सीएसके ने अपने ट्विटर अकाउंट पर नई जर्सी का एक वीडियो साझा किया है। इसमें कप्तान धोनी, रवींद्र जडेजा, और ऋतुराज गायकवाड़ टीम की नई जर्सी में नजर आ रहे हैं। सीएसके से पहले नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी अपनी जर्सी जांच की थी। सीएसके ने यह नई जर्सी पिछले सत्र में पहनी गई जर्सी जैसी ही है। इसके डिजाइन और रंग में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं है.। जर्सी के कंधे पर अलग से एक पैटर्न बना हुआ है। वहीं जर्सी के सामने वाले हिस्से पर पुराने अंदाज में ही शेर का निशान है। वीडियो के अंत में धोनी की जर्सी नंबर-7 को बिल्कुल नए अवतार में दिखाया गया है।

सीएसके ने मेगा नीलामी से पहले ही 4 खिलाड़ियों रवींद्र जडेजा, महेंद्र सिंह धोनी, मोईन अली और ऋतुराज को बरकरार रखा था पर मोईन अभी तक भारत नहीं पहुंचे हैं। ऐसे में उनकी जगह न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को भी पहले मैच में जगह मिल सकती है।

सीएसके दल इस प्रकार है – महेन्द्र सिंह धोनी (कप्तान), रवींद्र जडेजा, मोईन अली, ऋतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडू, ड्वेन ब्रावो, रॉबिन उथप्पा, शिवम दुबे, महेश थीक्षाना, दीपक चाहर, केएम आसिफ, राजवर्धन हैंगरगेकर, सिमरजीत सिंह, डेवोन कॉनवे, ड्वेन प्रिटोरियस, मिचेल सैंटनर, एडम मिल्ने, सुभ्रांशु सेनापति, प्रशांत सोलंकी, मुकेश चौधरी, सी हरि निशांत, एन जगदीसन, क्रिस जॉर्डन और भगत वर्मा, तुषार देशपांडे।

## व्यापार न्यूज

### पेट्रोल और डीजल के दामों में तेजी से महंगाई और बढ़ने की संभावना



**नई दिल्ली** । रूस और यूक्रेन युद्ध के कारण क्रूड में तेजी के बीच पिछले दो दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 1.60 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। एलपीजी के दाम भी बढ़े हैं। खुदरा ईंधन विक्रेता कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतों में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। कुल मिलाकर इससे महंगाई के और बढ़ने की संभावना है। पिछले साल नवंबर के बाद से ब्रेंट क्रूड की कीमतों में 40 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। ईसीआरए लिमिटेड में कॉरपोरेट रेटिंग के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें आगे अभी और बढ़नी हैं। ईंधन की बढ़ती कीमतों से भारतीय परिवारों पर दबाव बढ़ सकता है। इससे वस्तुओं और सेवाओं की मांग में कमी आ सकती है। तेज आर्थिक विकास के लिए ब्याज दरों को कम रखने की आरबीआई की प्रतिबद्धता पर भी महंगाई का दबाव पड़ेगा। पूरे साल के लिए ईंधन की कीमतों में 10 फीसदी की बढ़ोतरी से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई यानी खुदरा महंगाई 42 बेसिस प्वाइंट और थोक महंगाई 100 बेसिस प्वाइंट तक बढ़ जाती है। क्रूड में मौजूदा तेजी न सिर्फ अर्थव्यवस्था पर महंगाई का दबाव बढ़ाएगी बल्कि निजी खपत पर भी इसका प्रभाव दिखेगा।

### सोना और चांदी की चमक बढ़ी



**नई दिल्ली** । एमसीएक्स पर सोने की कीमत गुरुवार को 0.20 फीसदी बढ़कर 51,869 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गई है, वहीं चांदी के दाम में 0.10 फीसदी की तेजी आई है। इसके बाद चांदी का भाव उछलकर 68,330 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। गौरतलब है ?कि कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया हल्की बढ़त पर



**मुंबई** । कच्चे तेल के दामों में मजबूती रहने से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले करीबी दायरे में ही रहा। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपए की शुरुआत 76.37 के भाव पर हुई। फिर यह 76.35 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर भी गया लेकिन जल्द ही इसने 76.41 रुपया प्रति डॉलर का स्तर भी छू लिया। पिछले कारोबारी दिवस पर बुधवार को रुपया 76.39 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। कारोबा?रियों का कहना है ?कि रुपए के डॉलर एवं कच्चे तेल की मजबूती की वजह से दबाव में ही रहने की आशंका है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के तेजी वाले रुख का भी असर देखा जा रहा है। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत बढ़कर 98.78 पर पहुंच गया।

## गिरावट के साथ खुले शेयर बाजार

# सेंसेक्स 540 अंक फिसला, निफ्टी 17,000 पर

**मुंबई** । कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच बैंकिंग एवं वित्तीय शेयरों में हुई बिकवाली की वजह से घरेलू शेयर बाजार बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स गुरुवार को शुरुआती कारोबार में ही 540 अंकों से अधिक गिर गया। तीस शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स 546.31 अंकों की गिरावट के साथ 57,138.51 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 154.50 अंक की कमजोरी के साथ 17,091.15 अंक पर आ गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक के शेयरों को शुरुआती कारोबार में नुकसान उठाना पड़ा। वहीं डॉ




रेड्डीज लेबोरेट्रीज, आईटीसी, टीसीएस और टाटा स्टील के शेयर फायदे में रहे। बाजार के जानकारों का कहना है ?कि बाजार अपनी दिशा गंवाता हुआ नजर आ रहा है। अब यह कच्चे तेल, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के प्रवाह और फेडरल रिजर्व की बैठक से जुड़ी हर दिन की खबरों से प्रभावित होकर ऊपर-नीचे हो रहा है। पिछले कारोबारी दिवस बुधवार को भी बाजार गिरावट पर रहे थे। सेंसेक्स 304.48 अंक गिरकर 57,684.82 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 69.85 अंकों की गिरावट के साथ 17,245.65 अंक पर रहा था। एशिया के अन्य बाजारों में टोक्यो, सोल और शंघाई दोपहर के कारोबार में नुकसान के साथ कारोबार कर रहे थे। हालांकि हांगकांग का बाजार हल्की बढ़त पर रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को नकारात्मक रहे थे।विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को भारतीय बाजार में 481.33 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की खरीदारी की।

## बिटकॉइन, इथेरियम और डॉगकोइन में जोरदार बढ़ोतरी

**मुंबई** । बिटकॉइन के दाम गुरुवार को 2.3 फीसदी बढ़कर 42,000 डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। डिजिटल टोकन 42,837 डॉलर पर कारोबार कर रहा है। हालांकि, दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी 2022 में लगभग 8 फीसदी नीचे है। जबकि पिछले साल नवंबर में लगभग 69,000 डॉलर के अपने रिकॉर्ड हाई से लगभग 30 फीसदी कम है। वहीं ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 2.03 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया है। कुल क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग वॉल्यूम 98.3 बिलियन डॉलर का देखने को मिली है। पिछले 24 घंटों में डॉगकोइन 11.8 फीसदी बढ़कर 0.135805 डॉलर हो गया, जबकि शीबा इनु 6.2 फीसदी बढ़कर 0.00002464 डॉलर हो गया। एक ?रिपोर्ट के अनुसार यूएस फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि डिजिटल करेंसी के नए रूप जैसे कि क्रिप्टोकरेंसी और स्टेबल कॉइन अमेरिकी फाइनेंशियल सिस्टम के लिए रिस्की हैं और उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए नए नियमों की आवश्यकता होगी। पॉवेल ने बुधवार को केंद्रीय बैंकरों के एक वैश्विक संगठन, बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स द्वारा आयोजित एक पैनल में कहा कि नई टेक्नोलॉजी इलेक्ट्रॉनिक भुगतान को सस्ता और तेज कर देंगी लेकिन वे मौजूदा वित्तीय संस्थानों को भी अस्थिर कर सकते हैं। पॉवेल ने उपभोक्ताओं और व्यापक फाइनेंशियल सिस्टम सहित डिजिटल फाइनेंस के विकास से उपजी कई जोखिमों को अंडरलाइन किया। फेड यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि मंदी के दौरान बिटकॉइन जैसी डिजिटल संपत्ति वित्तीय बाजारों को कैसे प्रभावित कर सकती है। पॉवेल ने यह भी कहा कि क्रिप्टो संपत्ति का उपयोगअवैध गतिविधि के लिए किया गया है, जैसे कि मनी लॉन्ड्रिंग और हमें इसे रोकने की आवश्यकता है।

# एमडीएच ने अपना कारोबार हिंदुस्तान यूनिलीवर को बेचने की खबरें खारिज कीं

**नई दिल्ली** । अग्रणी मसाला कंपनी एमडीएच लिमिटेड ने अपना कारोबार दिग्गज एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) को बेचने की संभावना को खारिज किया है। जानकारी के मुताबिक एमडीएच के प्रवर्तक अपना मसाला कारोबार एचयूएल को बेचने के सिलसिले में बात कर रहे हैं। एमडीएच ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक संदेश में इस तरह की खबरों को पूरी तरह गलत, मनगढ़ंत और निराधार बताते हुए कहा कि लोगों को ऐसी अफवाहों पर भरोसा नहीं करना चाहिए। एमडीएच के चेयरमैन राजीव गुलाटी ने अपने संदेश में कहा ?कि एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड एक ऐसी विरासत है जिसे महाशय चिमीलाल जी और महाशय धर्मपाल जी ने पूरी जिंदगी आगे बढ़ाया। हम अपने पूरे दिल से इस विरासत को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दैनिक उपभोग के उत्पाद बनाने वाली कंपनी एचयूएल ने भी एमडीएच के साथ बातचीत चलने से जुड़ी खबर पर कोई प्रतिक्रिया देने से मना कर दिया है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम बाजार की अटकलों पर प्रतिक्रिया नहीं देते हैं। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि एचयूएल की एमडीएच में बहुलांश हिस्सेदारी की खरीद के लिए बातचीत चल रही है। इस सौदे का मूल्य 10,000 करोड़ रुपए से लेकर 15,000 करोड़ रुपए के बीच रहने की संभावना भी जताई गई थी। एफएमसीजी क्षेत्र की अन्य बड़ी कंपनियों आईटीसी और टाटा कंज्यूमर्स लिमिटेड ने पिछले कुछ समय में मसाला कारोबार में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। आईटीसी ने वर्ष 2020 में सनराइज फूड्स का 2,150 करोड़ रुपए में अधिग्रहण किया था।

# रसोई गैस के बाद सीएनजी और पीएनजी हुई महंगी

**नई दिल्ली** । पेट्रोल-डीजल सहित रसोई गैस गैस की कीमतें बढ़ने के बाद गुरुवार को सीएनजी और पीएनजी की कीमतें बढ़ाई गई हैं। घरेलू पीएनजी की कीमत में 1.00 रुपए प्रति एससीएम की वृद्धि की गई है, हालांकि बढ़ी हुई कीमतें पूरे देश में नहीं बल्कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में लागू होंगी। इसके अलावा राजधानी दिल्ली में सीएनजी के दामों में 50 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। राहत की बात यह है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किए गए हैं। इससे पहले लगतार दो दिन इसमें 80-80 पैसे की वृद्धि की गई थी। वहीं मंगलवार को एलपीसी रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में भी 50 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। पाइप्ड नैचुरल गैस यानि पीएनजी गुरुवार से और महंगी हो गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने दिल्ली-एनसीआर में पीएनजी की कीमतों में एक रुपए प्रति एससीएम की वृद्धि की है। कीमतों में यह बढ़ोतरी 24 मार्च गुरुवार से लागू हो रही है। ऐसे में अब दिल्ली में पीएनजी गैस 36.61 रुपए से बढ़कर 37.61 रुपए प्रति एससीएम हो गई है। गौतम बुद्ध नगर में भी पीएनजी गैस के लिए 35.86 रुपए प्रति एससीएम अब चुकाने होंगे। इसके अलावा सीएनजी के दाम में 50 पैसे प्रति किलो की वृद्धि की गई है। यह वृद्धि भी गुरुवार सुबह 6 बजे से लागू हो गई है। दिल्ली में सीएनजी की कीमत अब 59.01 रुपए प्रति किलो हो जाएगी। भारत अपनी 85 प्रतिशत पेट्रोलियम जरूरतों को आयात के जरिए पूरा करता है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में पिछले महीने से ही खासा उछाल देखा जा रहा है। बाजार के ?विशषज्ञों का कहना है ?कि कच्चे तेल के दाम 100-120 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहने पर पेट्रोलियम कंपनियों को डीजल में प्रति लीटर 13.1-24.9 रुपए की बढ़ोतरी करने की जरूरत होगी।

# चालू वित्त वर्ष में सीमेंट उद्योग मात्रा के लिहाज से 18 से 20 फीसदी बढ़ेगी

**नई दिल्ली** । सीमेंट उद्योग में चालू वित्त वर्ष 2021-22 में मात्रा के आधार पर 18 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है और यह महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंच सकती है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इक्रा ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि कच्चे माल की कीमतों में उछाल के कारण चालू वित्त वर्ष में परिचालन मार्जिन 4.4 से 4.8 प्रतिशत घटकर 19.8 से 20.2 प्रतिशत रह सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि सीमेंट उद्योग मात्रा के आधार पर वित्त वर्ष 2021-22 में 18 से 20 प्रतिशत बढ़कर 35.5 करोड़ टन पर पहुंच सकता है, जो कोविड महामारी-पूर्व के स्तर से छह प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में घरों की मजबूत मांग और आधारभूत संरचना की गतिविधियों में तेजी से यह वृद्धि संभव है। इक्रा की एवीपी और क्षेत्र प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) अनुपमा रेड्डी ने कहा कि बिक्री प्राप्तियों में पांच प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले परिचालन मार्जिन (ओपीबीआईटीडीए) चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में प्रति टन 10 प्रतिशत घटकर 1,124 रुपये रह गया है।

# अनानास कई बीमारियों से राहत देगा जानिए यह सेहत के लिए कितना फायदेमंद है



अनानास का सेवन आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। अनानास का सेवन हमें कई बीमारियों से दूर रख सकता है। हालांकि अनानास स्वाद में थोड़ा खट्टा होता है, इसे आहार में शामिल किया जाना चाहिए। हम इसे अनानास के टुकड़े करके या रस बनाकर खा सकते हैं। अनानास का उपयोग प्राचीन काल से पाचन और सूजन की समस्याओं के लिए किया जाता रहा है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि यह सेहत के लिए कैसे फायदेमंद है

### पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद

अनानास में एंजाइम ब्रोमेलैन होता है। यह पाचन समस्याओं पर काबू पाने में मदद करता है। यह फाइबर में उच्च है। यह कब्ज से बचाता है। अनानास खाने से भी आंतें स्वस्थ रहती हैं।

### इम्युनिटी बढ़ाता है

अनानास में विभिन्न प्रकार के विटामिन और खनिज होते हैं। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ा देता है। इसके अलावा, इसके विरोधी भड़काऊ गुण सूजन को कम करने में मदद करते हैं। अनानास खाने से वायरल और बैक्टीरिया के संक्रमण का खतरा भी कम होता है।

### गठिया

बुढ़ापे में गठिया एक आम समस्या है। इस समय जोड़ों में सूजन आ जाती है। इसमें विरोधी भड़काऊ गुण होते हैं, जो सूजन और गठिया वाले लोगों में दर्द से राहत देता है।

### हड्डियों के लिए फायदेमंद

अनानास कैल्शियम और मैंगनीज सहित कई पोषक तत्वों का एक समृद्ध स्रोत है। ये पोषक तत्व ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में मदद करते हैं और इसे मजबूत बनाते हैं।

### त्वचा

विटामिन सी और बीटा कैरोटीन से भरपूर, ये फल त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आप इसे खा सकते हैं या सीधे त्वचा पर लगा सकते हैं। यह सूरज की हानिकारक किरणों से लड़ने, झुर्रियों को कम करने और त्वचा में सुधार करने में मदद करता है।

### दुर्बलता

अनानास में आयरन होता है। यह शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाता है। यह रक्त निर्माण में मदद करता है। तो यह कमजोरी से छुटकारा पाने में मदद करता है।

### तपिश

अनानास में औषधीय गुण होते हैं। यदि आपके पास जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार बुखार है, तो आप अनानास के रस के साथ मिश्रित शहद पी सकते हैं। यह बुखार को कम करता है। अनानास में मौजूद यौगिक कैंसर से लड़ने में भी मदद करता है।

## आज भी बला की खूबसूरत नजर आती है रिया सेन

बंगाली ब्यूटी के नाम से मशहूर रिया सेन आज भले ही फिल्मों में कम दिखाई देती हो लेकिन उनकी खूबसूरती में कोई कमी नहीं आई है। 40 पार की उम्र में भी रिया सेन की खूबसूरती में कोई कमी नहीं आई है। वो आज भी अपनी हॉटनेस से इंटरनेट पर तापमान बढ़ा देती हैं। उनका सोशल मीडिया अकाउंट ऐसी ग्लैमरस तस्वीरों से भरा पड़ा है। वैसे रिया पिछले कुछ समय से सिल्वर स्क्रीन से दूर हैं। हालांकि इसके पीछे की वजह काम की कमी नहीं है बल्कि उन्होंने ही कई प्रोजेक्ट्स को करने से मना कर दिया। दरअसल



रिया सेन को ज्यादातर ऑफर बोल्ड फिल्मों के लिए मिल रहे थे। जबकि रिया अब ऐसी किरदार नहीं निभाना चाहती हैं। इसलिये उन्होंने उन्होंने इन फिल्मों के ऑफर को ना कह दिया। बावजूद इसके रिया की पॉपुलारिटी में कभी कोई कमी नहीं आई है। उनको ग्लैमरस तस्वीरें आए दिन वायरल होती रहती हैं। आपको बता दे कि रिया सेन एक फ़िल्मी परिवार से आती हैं। उनकी नानी सुचित्रा सेन और मां मुनमुन सेन एक एक्ट्रेस रही हैं जबकि उनकी राइमा सेन भी एक एक्ट्रेस हैं।

## विद्युत जामवाल ने अपना प्रोडक्शन एक्शन हीरो फिल्म्स किया लॉन्च



फिल्मी जगत में 10 साल पूरा करने पर बॉलीवुड के एक्शन स्टार विद्युत जामवाल ने अपने प्रोडक्शन एक्शन हीरो फिल्म्स का शुभारंभ किया। विद्युत ने कहा, दर्शकों ने मेरे हर किरदार को प्यार किया है और इस बार मैं उनके आशीर्वाद से एक निर्माता की भूमिका निभा रहा हूं। मुझे जितना अच्छा मिला उतना देने की मेरी बारी है। मैं इसे प्रतिभाशाली लोगों को सशक्त बनाने के एक अवसर के रूप में देखता हूं। मैं विश्व सिनेमा में एक्शन हीरो फिल्म्स के पैर जमाने के लिए नई ऊर्जा के साथ काम कर रहा हूं। मेरे साथ खड़े रहने के लिए विद्युत जामवाल ने सभी फैंस का धन्यवाद किया। यह उनका मील का पत्थर है जितना कि यह मेरा है। अभिनेता ने अपने प्रोडक्शन हाउस को लॉन्च किया, जिसमें अब्बास सैय्यद सह-निर्माता हैं। विद्युत ने अप्रैल 2011 में तेलुगु फिल्म शक्ति से अपने करियर शुरूआत की और कुछ महीने बाद बॉलीवुड में कदम रखा और उसी साल निशिकांत कामत की जॉन अब्राहम-स्टारर फोर्स में विलेन की भूमिका निभाई थी।

# मैं सिनेमाघरों में वापस जाने के लिए मर रही हूं: अतिति राव हैदरी



कोरोना महामारी के डर ने आम लोगों के साथ साथ अभिनेताओं को भी घर में कैद कर दिया है। दूसरी सेवाएं भी बंद होती जा रही हैं। वहीं अभिनेत्री अदिति राव हैदरी का कहना है कि ओटीटी दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए बहुत अच्छा काम कर रही हैं, लेकिन वह बड़े पर्दे को मिस कर रही हैं। अभिनेता का कहना है कि सिनेमाघरों में जादू की भावना है, जो हमेशा से रहा है और कभी नहीं जाएगा। अदिति ने बताया, मैं थिएटर को मिस करती हूं, क्योंकि थियेटर से लगाव है, पूरे बचपन की याद है और बहुत ही शानदार अनुभव रहा है। आप वहां जाकर आप दुनिया का हिस्सा बन जाते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले साल से ओटीटी प्लेटफार्मों को वास्तव में प्रमुखता मिली है। उन्होंने कहा, लॉकडाउन में ओटीटी प्लेटफॉर्म हमारे सबसे अच्छे दोस्त रहे हैं। ओटीटी के साथ, अद्भुत लेखन, कंटेंट और दर्शकों ने जिस तरह से कंटेंट का उपभोग किया है, वह वास्तव में अविश्वसनीय है। प्लेटफॉर्म ने लोगों को काम करने के लिए बहुत कुछ दिया है। बेशक मैं थिएटरों में वापस जाने के लिए मर रही हूं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा समय आएगा जब थिएटरों की अहमियत होगी और ओटीटी की भी अहमियत होगी, क्योंकि सभी मंच अपने तरीके से शक्तिशाली हैं। उन्होने आगे कहा, लेखकों, निर्देशकों, अभिनेताओं के लिए इसने (ओटीटी) कहानियों के संदर्भ में एक नई दुनिया खोली है, जो केवल ओटीटी के लिए बन सकता है, कई बार, नाटकीय फिल्में अलग तरीके से बनाई जाती हैं। एक निर्माता इसे बेहतर ढंग से बता सकता है कि यह कैसे बनाई जाती हैं। ओटीटी अलग है क्योंकि दबाव अलग है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा, एक कलाकार के रूप में मेरे पास एक ही जुनून और एक ही प्यार है। यह सिर्फ एक माध्यम है और जिस तरह से यह प्रत्येक मंच के लिए किया जाता है, वह एक सभी निर्माता और पैसों के लिए है। मेरा मानना है कि विविधता अधिक हो सकती है और जिस तरह के विषय पर लोग फिल्में और शो बना रहे हैं।



## धामी की चुनौतियां

उत्तराखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को शपथ ली। देहरादून के परेड ग्राउंड में गवर्नर लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (रिटायर्ड) उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। सत्ता की कमान संभालने के साथ ही धामी के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के साथ ही धामी को विधायक बनने से लेकर चुनाव में किए गए वादों को पूरा करना और वरिष्ठ नेताओं के साथ संतुलन बनाने की चुनौतियां से सामना करना होगा। पुष्कर सिंह धामी के सामने सबसे पहली चुनौती उपचुनाव की होगी। मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने के लिए उन्हें किसी भी सूरत में उपचुनाव जीतना होगा। मुख्यमंत्री के तौर पर धामी के सामने सबसे बड़ी चुनौती वरिष्ठ नेताओं के साथ संतुलन बनाने की चुनौती होगी। धामी के पहले छह महीने के कार्यकाल में कई वरिष्ठ नेताओं के साथ लेकर नहीं चल सके, जिसके चलते हरक सिंह रावत से लेकर यशपाल आर्य जैसे नेता पार्टी छोड़ गए। इसके अलावा कई नेताओं की नाराजगी की बातें सामने आई थीं। सरकार बनने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विधायकों को साथ लेकर चलने के लिए धामी को अपना राजनीतिक कौशल दिखाना होगा। पुष्कर सिंह धामी के सामने चुनावी वादों को पूरा करने की चुनौती होगी। उत्तराखंड चुनाव के दौरान पार्टी ने तमाम बड़े वादे किए हैं, जिन्हें अमलीजामा पहनाने का जिम्मा धामी के कंधों पर होगा। लव जिहाद कानून को और कठोर बनाना, समान नागरिक संहिता, भू कानून, जनसंख्या नियंत्रण सरीखे वादों को भी पूरा करने का दबाव रहेगा। इसके अलावा किसानों के खाते में 12 हजार रुपए देने का वादा है। गरीब घरों को साल में तीन सिलेंडर निशुल्क और बीपीएल परिवार की महिलाओं को 2000 प्रतिमाह, गरीब बच्चों को एक हजार प्रति माह देने जैसे लोकलुभाने वादे हैं। इन्हें सत्ता पर काबिज होते ही पूरा करने की चुनौती होगी। धामी मुख्यमंत्री की भूमिका में अपनी छोटी लेकिन तेजतर्रार पारी खेली है। धामी ने अपने पिछले छह महीने के कार्यकाल में नौकरशाही पर लगाम कसने की कोशिश की। उनकी एक कुशल प्रशासक की छवि बनी भी। अब पार्टी ने उन्हें पांच साल के लिए सत्ता की कमान सौंपी है। ऐसे में उन्हें नौकरशाही पर अंकुश लगाना होगा। उत्तराखंड में माना जाता रहा है कि नौकरशाही कभी सरकार के नियंत्रण में नहीं रही। पिछली सरकार में तमाम मंत्री अफसरों के सामने अपनी लाचारी की पीड़ा सार्वजनिक रूप से जाहिर करते रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने जिस तरह से पुष्कर सिंह धामी को चुनाव हारने के बावजूद सत्ता की कमान सौंपी है, उससे उनकी चुनौती और जिम्मेदारी बढ़ गई है। अब केंद्रीय नेतृत्व की उम्मीदों पर खरा उतरने की चुनौती होगी। पीएम नरेंद्र मोदी ऐलान कर चुके हैं कि अगला दशक उत्तराखंड का होगा। 2025 तक उत्तराखंड आदर्श राज्य होगा। मोदी के इस विजन को जमीन पर उतारने की चुनौती धामी के सामने है। इसके बाद शहरी निकाय चुनाव, फिर 2024 का लोकसभा चुनाव की चुनौती धामी के सामने होगी। पिछले दो लोकसभा चुनाव से बीजेपी क्लीन स्वीप कर रही है, जिसे 2024 में बरकरार रखना होगा। लोकसभा के लिए महज दो साल का ही वक्त धामी के सामने होगा। पुष्कर सिंह धामी दूसरी बार सत्ता की कमान संभालकर सियासी इतिहास रचने जा रहे हैं, लेकिन चुनौती पांच साल के सफर को तय करने की है। उत्तराखंड के 20 साल के इस सफर में प्रदेश को 11 मुख्यमंत्री मिले हैं और धामी 12वें सीएम। भाजपा ने सात मुख्यमंत्री दिए हैं, तो कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश को तीन मुख्यमंत्री दिए हैं। सूबे के सभी मुख्यमंत्रियों में से सिर्फ कांग्रेस नारायण दत्त तिवारी ही अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा कर पाए थे जबकि भाजपा का कोई नेता पांच साल तक सीएम नहीं रहा सका। भाजपा ने पिछले कार्यकाल में दो सीएम बदले हैं।

# गणेश शंकर विद्यार्थी की लेखनी से कांपती थी अंग्रेज सरकार

**योगेश कुमार गोयल**

गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता जगत के ऐसे महान् पुरोधा थे, जिनकी लेखनी से ब्रिटिश सरकार इस कदर भयभीत रहती थी कि क्रांतिकारी लेखन के लिए उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा पांच बार सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा दी गई। उनके लेखों में ऐसी गजब की ताकत थी कि उनकी पत्रकारिता ने ब्रिटिश शासन की नींद हराम कर दी थी। जब उनकी कलम चलती थी तो ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिल जाती थी। बेमिसाल क्रांतिकारी पत्रकारिता के कारण ही गणेश शंकर विद्यार्थी और उनका अखबार 'प्रताप' आज के दौर में भी पत्रकारिता जगत के लिए आदर्श माने जाते हैं। वह एक निर्भीक पत्रकार, समाजसेवी, महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। वे स्वयं तो एक उच्च कोटि के पत्रकार थे ही, उन्होंने अनेक युवाओं को लेखक, पत्रकार तथा कवि बनने की प्रेरणा और ट्रेनिंग दी। कांग्रेस के विभिन्न आन्दोलनों में भाग लेने तथा ब्रिटिश सत्ता के अत्याचारों के विरूद्ध 'प्रताप' में निर्भीक लेख लिखने के कारण वे पांच बार जेल गए। जब भी उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा गिरफ्तार किया जाता तो उनकी अनुपस्थिति में 'प्रताप' का सम्पादन माखनलाल चतुर्वेदी तथा बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' सरीखे साहित्य के दिग्गज संभाला करते थे।

26 अक्तूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टर जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी की प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई। इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की ओर हुआ। हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे। कानपुर में अध्यापन के दौरान उन्होंने कर्मयोगी सहित कई और अखबारों में लेख लिखे और पत्रकारिता के जरिये स्वाधीनता आन्दोलन से गहरे जुड़ गए। कुछ समय बाद उन्होंने पत्रकारिता, सामाजिक कार्यों तथा स्वाधीनता आन्दोलन से जुड़ाव के चलते 'विद्यार्थी' उपनाम अपना लिया और गणेश शंकर से 'गणेश शंकर विद्यार्थी' हो गए। उनकी उत्कृष्ट लेखनशैली से प्रभावित होकर हिन्दी पत्रकारिता जगत के पुरोधा पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 1911 में अपनी साहित्यिक पत्रिका 'सरस्वती' में उपसम्पादक के पद पर कार्य करने का ऑफर दिया किन्तु विद्यार्थी जी को ज्वलंत समाचारों, समसामयिक तथा राजनीतिक विषयों में ज्यादा दिलचस्पी थी, इसलिए उन्होंने द्विवेदी जी का प्रस्ताव स्वीकारने के बजाय महामना पं. मदन मोहन मालवीय के हिन्दी साप्ताहिक 'अभ्युदय' में नौकरी ज्वाइन की।

9 नवम्बर 1913 को उन्होंने एक क्रांतिकारी पत्रकार के रूप में कानपुर से स्वयं 'प्रताप' नामक पत्रिका निकालना शुरू कर दिया। प्रताप के जरिये विद्यार्थी जी किसानों, मजदूरों और ब्रिटिश अत्याचारों से कराहते गरीबों का दुख-दर्द उजागर करने लगे। ब्रिटिश शासनकाल की उत्पीड़न और अन्याय की क्रूर व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना उनकी पत्रकारिता का सबसे महत्वपूर्ण अंग था, जो ब्रिटिश हुकूमत को फूटी आंख न सुहाया और इसीलिए अपनी इसी क्रांतिकारी पत्रकारिता का खामियाजा उन्हें कई मुकद्दमों, भारी जुर्माने और कई बार जेल जाने के रूप में भुगतना पड़ा। 1920 में उन्होंने 'प्रताप' का दैनिक संस्करण निकालना शुरू कर दिया, जो मूलतः किसानों, मजदूरों और पीड़ितों का हिमायती समाचारपत्र बना रहा। उन्होंने 'प्रताप' के अलावा 'प्रभा' नामक एक साहित्यिक पत्रिका तथा एक राजनीतिक मासिक पत्रिका का भी प्रकाशन किया।

घटना जनवरी 1921 की है, जब रायबरेली के एक ताल्लुकदार सरदार वीरपाल सिंह ने किसानों पर गोलियां चलवाई थी। 'प्रताप' के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी ने उस घटनाक्रम का पूरा विवरण अपने अखबार में छापा, जिसके लिए उन्हें तथा 'प्रताप' छापने वाले शिवनारायण मिश्र पर मानहानि का मुकद्दमा दर्ज किया गया और उन्हें जेल हो गई। 16 अक्तूबर 1921 को विद्यार्थी जी ने स्वयं गिरफ्तारी दी और 22 मई 1922 को जेल से रिहा हुए। जेल में रहते हुए



उन्होंने एक डायरी लिखी और रिहाई के बाद उन्होंने उसी पर आधारित 'जेल जीवन की झलक' नामक एक ऐसी श्रृंखला छापी, जिसे अत्यधिक पसंद किया गया और 'प्रताप' के साथ पाठकों का काफिला जुड़ता गया। उसके बाद तो अंग्रेजों ने उन्हें वक्त-बेवक्त लपेटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा लेकिन विद्यार्थी अपने क्रांतिकारी विचारों से जरा भी नहीं डिगे। जेल से रिहाई के कुछ ही समय बाद भड़काऊ भाषण देने के आरोप में उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा फिर गिरफ्तार कर लिया गया और 1924 में तब रिहा किया गया, जब उनका स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया था। 1925 में राज्यसभा विधानसभा चुनाव में वे कानपुर से चुने गए और कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की स्वागत-समिति के प्रधानमंत्री भी नियुक्त हुए लेकिन 1929 में उन्होंने पार्टी की मांग पर त्यागपत्र दे दिया, जिसके बाद वे 1930 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चुन लिए गए और उन्हें प्रदेशभर में सत्याग्रह आन्दोलन का नेतृत्व करने की अहम जिम्मेदारी दी गई। उसी दौरान उन्हें फिर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और गांधी-इरविन पैक्ट के बाद 9 मार्च 1931 को उनकी जेल से रिहाई हुई।

स्वाधीनता संग्राम के उस दौर में हिन्दू-मुस्लिम एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे थे लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने दोनों समुदायों की भावनाओं को भड़काने का ऐसा खेल खेला कि जगह-जगह हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगे भड़कने लगे और देशभर में साम्प्रदायिक हिंसा फैलने लगी। कानपुर शहर भी साम्प्रदायिक दंगों की आग में झुलस उठा। गणेश शंकर विद्यार्थी का मन इन दंगों से बड़ा व्यथित हुआ और वे स्वयं इन दंगों को रोकने तथा दोनों समुदायों में भाईचारा कायम करने के लिए लोगों को समझाते हुए घूमने लगे। कई जगहों पर वे लोगों को समझाने में सफल भी रहे और इन दंगों के दौरान उन्होंने हजारों लोगों की जान बचाई भी लेकिन वे स्वयं दंगाइयों की एक ऐसी टुकड़ी में फंस गए. जो उन्हें पहचानते नहीं थे। उसके बाद उनकी बहुत खोज की गई किन्तु वे कहीं नहीं मिले। आखिर में उनका पार्थिव शरीर एक अस्पताल में लाशों के ढ़ेर में पड़ा मिला, जो इतना फूल गया था कि लोग उसे पहचान भी नहीं पा रहे थे। हजारों लोगों की जान बचाने के बावजूद गणेश शंकर विद्यार्थी स्वयं धार्मिक उन्माद की भेंट चढ़ गए और इस प्रकार 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को फांसी दिए जाने के दो ही दिन बाद देश ने 25 मार्च 1931 को अपनी कलम की ताकत से ब्रिटिश हुकूमत की रातों की नींद और दिन का चैन उड़ाने वाला निर्भीक, निष्पक्ष, ईमानदार, यशस्वी व क्रांतिकारी पत्रकार भी खो दिया। 29 मार्च 1931 को उनका अंतिम संस्कार किया गया। गणेश शंकर विद्यार्थी जीवन पर्यन्त जिस धार्मिक कट्टरता तथा उन्माद के खिलाफ आवाज उठाते रहे, वही धार्मिक उन्माद उनकी जिंदगी लील गया। 27 अक्तूबर 1924 को विद्यार्थी जी ने 'प्रताप' में 'धर्म की आड़' शीर्षक से लेख में लिखा था, ''देश में धर्म की धूम है और इसके नाम पर उत्पात किए जा रहे हैं। लोग धर्म का मर्म जाने बिना ही इसके नाम पर जान लेने या देने के लिए तैयार हो जाते हैं। ऐसे लोग कुछ भी समझते-बूझते नहीं हैं। दूसरे लोग इन्हें जिधर जोत देते हैं, ये लोग उधर ही जुत जाते हैं।'' वह गणेश शंकर विद्यार्थी ही थे।

## अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान

बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे। एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं। बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो। जिस व्यक्ति को अंतर्दृष्टि का उद्घाटन करना है, ज्ञानी बनना है, उसे प्रेक्षाध्यान साधना का आलंबन स्वीकार करना होगा।

## स्वच्छता की देवी शीतला माता

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हिन्दू धर्म के विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे।

शीतला माता एक प्रसिद्ध हिन्दू देवी हैं। इनका प्राचीनकाल से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी - हैजे की देवी, चैंसठ रोग, घेंटुकर्ण- त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती - रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्यवर्धक एवं रोगाणु नाशक जल होता है।

सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं।



इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाये जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है। शीतला माता की महत्ता के विषय में स्कंद पुराण में विस्तृत वर्णन मिलता है। इसमें उल्लेख है कि शीतला देवी का वाहन गर्दभ है। ये हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाडू) और नीम के पत्ते धारण किये हैं। इनका प्रतीकात्मक महत्व है। आशय यह है कि चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है। झाडू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम की पत्तियां फोड़ों को सड़ने नहीं देतीं। रोगी को ठंडा जल अच्छा लगता है, अतः कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं। स्कंद पुराण में शीतला माता की अर्चना का स्तोत्र है शीतलाष्टक। माना जाता है कि इस स्तोत्र की रचना भगवान शंकर ने की थी। यह स्तोत्र शीतला देवी की महिमा का गान कर उनकी उपासना के लिए भक्तों को प्रेरित करता है।

**वन्देहं शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बराम।**
**मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालङ्कृतमस्तकाम।।**

अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगम्बरा, हाथ में झाडू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाडू) होने का अर्थ है कि हम लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। माता के रोगी के लिए यह व्रत बहुत मददगार है। आमतौर पर, शीतला रोग के आक्रमण के समय रोगी दाह (जलन) से निरंतर पीड़ित रहता है। उसे शीतलता की बहुत जरूरत होती है। गर्दभ पिंडी (गधे की लीद) की गंध से फोड़ों का दर्द कम हो जाता है। नीम के पत्तों से फोड़े सड़ते नहीं है और जलघट भी उसके पास रखना अनिवार्य है। इससे शीतलता मिलती है। लोक किंवदंतियों के अनुसार बसौड़ा की पूजा माता शीतला को प्रसन्न करने के लिए की जाती है। कहते हैं कि एक बार किसी गांव में गांववासी शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे तो मां को गांववासियों ने गरिष्ठ भोजन प्रसादस्वरूप चढ़ा दिया।

# चिकित्सा शिक्षा को सस्ती एवं व्यवहारिक बनाये सरकार

### सूडोकु नवताल- 6020

★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6019 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

**सनत कुमार जैन**

**यूक्रेन जैसे देशों से सबक ले भारत सरकार**

यूक्रेन की लड़ाई ने भारत के मेडिकल एजुकेशन सिस्टम को सारी दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया है। यूक्रेन से लौटते हजारों मेडिकल छात्रों ने भारत की मेडिकल शिक्षा की हकीकत बयान कर दी है। अकेले यूक्रेन की बात नहीं है बल्कि दुनिया के अनेक देशों में भारतीय छात्र मेडिकल शिक्षा लेने जाते हैं जिनकी संख्या लाखों में है। जब चीन में कोरोना फैला था। उस समय भी चीन के वुहान शहर सहित तमाम शहरों से बड़ी संख्या में मेडिकल छात्र भारत लौटे थे। रूस, कैरेबियन देश, ऑस्ट्रेलिया अमेरिका और ब्रिटेन सहित कई देशों में भारत के छात्र मेडिकल शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं। इन देशों में ना केवल इन छात्रों को मेडिकल शिक्षा भारत की अपेक्षा सस्ती दर पर मिलती है बल्कि सीटों की कमी भी नहीं रहती। आखिर क्या कारण है कि भारत में मेडिकल शिक्षा के प्रति छात्रों का रुझान होने तथा देश में डाक्टरों की भारी कमी के बावजूद भारत सरकार छात्रों को शिक्षित नहीं कर पा रही है।

भारत में प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख छात्र डॉक्टर बनने के लिए मेडिकल एग्जामिनेशन नीट परीक्षा में बैठते हैं। इनमें से बमुश्किल 70 हजार छात्रों को एडमिशन मिल पाता है इसमें भी एनआरआई कोटा शामिल है। मेडिकल कालेज शुरु करने की भारी लागत विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी तथा महंगी पढ़ाई, सीटों की कम संख्या और छात्रों की अधिकता से चिकित्सा शिक्षा



मेडिकल क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार एवं कुप्रबंधन का बड़ा का कारण है।

**भारत में कैसे बनता है मेडिकल कॉलेज:** भारत में मेडिकल कॉलेज की लागत 400 करोड़ रुपए है। इतनी राशि का निवेश करना और तथा पढ़ाई का खर्च निकालना आसान नहीं है। मेडिकल एजुकेशन को लेकर सरकार के नियम और शर्तें बहुत सख्त हैं। सीटों के आवंटन से लेकर हर प्रक्रिया में अनेक बाधाएं हैं। सरकार ने मेडिकल ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की फीस भी तय कर दी है। 400 करोड़ खर्च करने के बाद भी प्रतिवर्ष करोणों के घाटे में कालेज और अस्पताल चलाने का जोखिम कोई नहीं उठाना चाहता। यही कारण है कि मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रति निवेशकों की रुचि नहीं है। इसके विपरीत विदेशों में मेडिकल कॉलेज की लागत पढ़ाई और अस्पताल संचालन के नियम काफी सस्ता है। कैरेबियन देशों में तो 50 हजार स्क्वायर फीट जमीन में मेडिकल कॉलेज खुल जाता है। जहां पर अमेरिका जैसे देशों के लिए योग्य चिकित्सक तैयार किए जाते हैं। वहां पर ऐसे 35 कॉलेज अमेरिका के लिए डॉक्टर तैयार कर रहे हैं। भारत में 200 छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए 140 फैकल्टी की आवश्यकता होती है। जबकि इन देशों में भारत की तुलना में मात्र 20 फीसदी फैकल्टी पढ़ाने के लिए जरुरी होती है। दुनिया के साथ भारत ने कदमताल करना नहीं सीखा। इसी कारण भारत में मेडिकल एजुकेशन एवं डाक्टर विलासिता और मोटी कमाई के प्रतीक बन गए हैं। जिसकी जेब में भरपूर पैसा हो वही डॉक्टर बन सकता है। आज के दौर में गरीब लोगों के मेधावी बच्चे डॉक्टर बनने के बारे में सोच भी नहीं सकते। भारत में अच्छे डॉक्टर गरीबी की पृष्ठभूमि से आए हैं। बेहतर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले मेडिकल छात्र चिकित्सा व्यावसाय को पैसा कमाने वाले कोर्स समझते हैं। वह विशेष पाठ्यक्रमों में एडमिशन लेते हैं जिनमें ज्यादा पैसा है। प्रश्न यह है कि मेडिकल स्पेशलिस्ट बनने के लिए 3 से 5 करोड़ रुपए खर्च करने की आवश्यकता क्या है। दुनिया के अनेक देशों में मेडिकल एजुकेशन बिल्कुल मुफ्त है लेकिन भारत में यह बहुत महंगी है। यही कारण है कि भारत में प्रशिक्षित डॉक्टरों का भारी अभाव है। भारत में जच्चा-बच्चा मृत्यु दर अन्य गरीब देशों के मुकाबले ज्यादा है। हर 12 मिनट में एक मां बच्चे को जन्म देते समय भारत में मर जाती है। प्रतिवर्ष 3 लाख बच्चे जन्म के चंद घंटों में दम तोड़ देते हैं। 12 लाख बच्चे अपना पहला जन्म दिवस भी नहीं बना पाते।

## निर्यात में भारत का चौका

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत के लिए यह खुश खबर है कि इस साल भारत का निर्यात 400 बिलियन डॉलर से भी ज्यादा का हो गया है। भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार का यह अब तक का सर्वोच्च प्रतिमान है। भारत ने इतना निर्यात पहले कभी नहीं किया। निर्यात का यह आंकड़ा सरकार ने तय जरुर किया था लेकिन उनको भी विश्वास नहीं था कि भारत इस ऊँचाई तक पहुंच जाएगा। इसके दो कारण थे। एक तो कोरोना महामारी और दूसरा विश्व बाजारों की शिथिलता। लेकिन इसके बावजूद भारत के माल को सारी दुनिया के बाजारों में पसंद किया गया और उन्हें जमकर खरीदा गया। यूरोप में चल रहे रूस और यूक्रेन का युद्ध भी हमारे निर्यात की बढ़ोतरी में आड़े नहीं आया। 2018-19 के पिछले साल में भारत का निर्यात 330 बिलियन डॉलर का था। उसमें 21 प्रतिशत की वृद्धि हो गई। केंद्रीय व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने भारत के व्यापार-उद्योग में लगे लोगों की कार्यकुशलता, प्रामाणिकता और परिश्रम की जो प्रशंसा की है, वह उचित ही है। ठंडे बाजार और महामारी की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कई चीजों की कीमतें घट गईं तो उनकी मात्रा बढ़ गई। बढ़ी हुई मात्रा ने पैसों की आवक भी बढ़ाई और मुनाफा भी। यह भी हुआ कि बाजारों और उत्पादन की विश्व-व्यापी शिथिलता के कारण कई चीजों की कमी हो गई तो उनकी कीमतें बढ़ गईं। जैसे मोटर के कल-पुर्जो, अनाज से बनी वस्तुएं, चावल, गलीचों और फलों के रस से भारत की आमदनी बढ़ गई। हमारा इंजीनियरी सामान सारी दुनिया में पसंद किया जाता है। उसकी बिक्री दुगुनी हो गई। बिजली के सामान का निर्यात 42 प्रतिशत बढ़ गया। जेवरात का निर्यात कूदकर 57.3 प्रतिशत बढ़ गया। पेट्रोलियम चीजें 147.6 प्रतिशत बढ़ गई। याने भारत चाहे तो अगले कुछ वर्षों में इन्हीं चीजों का निर्यात इतने बड़े पैमाने पर कर सकता है कि वह अमेरिका और चीन के नजदीक पहुंच सकता है। अमेरिका और चीन से आगे निकलना तो आज असंभव लगता है। ये दुनिया के दो सबसे बड़े निर्यातक देश हैं। इनका निर्यात का आंकड़ा भारत से कई गुना बड़ा है। दोनों देश लगभग 2500 बिलियन डॉलर का निर्यात करते हैं। उनका आयात भी कहीं ज्यादा है। मंहगा बेचना और सस्ता खरीदना- यही उनकी समृद्धि का रहस्य है। भारत के लाखों प्रतिभाशाली लोग अमेरिका और यूरोपीय देशों को आर्थिक दृष्टि से समृद्ध बना रहे हैं। यदि भारत की प्रतिभा और परिश्रम का सही इस्तेमाल हो सके तो भारत की गिनती भी दुनिया के सबसे बड़े निर्यातकों में हो सकती है।

# शिवराज सरकार के सफलत 2 वर्ष पूर्ण होने पर मिठाई वितरण कर जताया हर्ष



**मुरैना।** मप्र पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंसाना द्वारा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के कार्यकाल के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनों पर चर्चा करते हुये और मिठाई वितरित कर हर्ष जताया। इस अवसर पर सैंकडों की संख्या में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुये पूर्व मंत्री मुंशीलाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह किसान, मजदूर व गरीबों के मसीहा हैं। उन्होने कई जनकल्याणकारी योजनाऐं संचालित की है। उन्होंने कहा कि मप्र कैविनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रघुराज कंसाना द्वारा प्रदेश की सभी योजनाओं को प्रत्येक गरीब व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा हैं। रघुराज सिंह कंसाना आमजन के दिलों-दिमाग में बस चुके है व जन-जन के लाडले बन चुके है। इनके द्वारा भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक होली के त्यौहार रंगपंचमी पर ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो सदियों तक याद रखा जायेगा। इसी क्रम में मप्र पिछडा वर्ग निगम अध्यक्ष रघुराज कंसाना ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शिवराज सिंह चैहान के नेतृत्व में प्रदेश दिन-रात उन्नति कर रहा है। उनके द्वारा किसान, मजदूर, छात्र, बालिका व माताओं के लिये विशेष योजनाऐं संचालित की गई है, जिससे प्रदेशवासी लाभान्वित हुये है। क्षेत्र के विकास के लिये मुख्यमंत्री सदैव तत्पर रहे है। आमजन के बीच पहुंचकर उनसे मिलना ऐसे मुख्यमंत्री का कार्यकाल सदैव सफतम बढता रहना चाहिए, इसके लिये हम सब सदैव उनके साथ है। बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र तिवारी द्वारा बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर मुन्ना पटेल, सिरदार सिंह, रामेश्वर सिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष सोनू शर्मा, जिला महामंत्री भावना जालौन, जिला उपाध्यक्ष किशोरी गुप्ता एवं संजय शर्मा, जिला मंत्री रामवीर कंषाना भाजपा जिला सह-मीडिया प्रभारी संजय डण्डौतिया महिला मोर्चा महामंत्री मीना भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मीना गुर्जर, दिनेश शर्मा, नीरज भदौरिया, मुकेश भारद्वाज, पवन भवद्वाज, पवन जाटव, राहुल पचौरी, दिलीप डण्डौतिया, योगेन्द्र गुर्जर दीखतपुरा, अरविंद कारखुर, मनोज शर्मा, रामवीर निगम, गोविंद यादव, दिनेश यादव, चेतराम पारा, गब्बर दौनारी, भारत यादव, हरिओम राठौर, रेनू शर्मा, सोनू खटीक, आकाश भदौरिया, गजेन्द्र जनकपुर, लल्ला गुर्जर धनेला, आयुष सिकरवार, अमन कटारे सहित सैंकडौं की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

## वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई का सम्मेलन आयोजित

**मुरैना।** गुरुवार को वैश्य महासम्मेलन मुरैना के तत्वाधान में जिला मुरैना युवा इकाई द्वारा मित्तल धर्मशाला मुरैना में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे और नवीन कार्यकारिणी तथा उनके दायित्व की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता प्रिंस, पारष जैन प्रदेश उपाध्यक्ष, अजय अग्रवाल संभागीय अध्यक्ष युवा इकाई, योगेशपाल गुप्ता प्रदेश महामंत्री, श्रीमती मीना गुप्ता संभागीय महिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष सतीश अग्रवाल आदि पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में वैश्य समुदाय के बरिष्ठ लोगो का सम्मान किया गया, जिसमें तुलसीदास सिंघल, मनोज जैन, विष्णु अग्रवाल, किशोरी गुप्ता, आनंद गुप्ता आदि सदस्यों का समाज सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य के लिए वैश्य सम्मेलन द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नवीन पदों एवं दायित्वो की भी घोषणा की गई, जिसमें नवीन दायित्व के रूप में जिला प्रभारी आनंद गुप्ता को बनाया गया, गोपाल गुप्ता को जिलाउपाध्यक्ष, मनीष शिवहरे आदि सदस्यो को दायित्व प्रदान किये गए। सम्मेलन में युवा जिलाध्यक्ष नीरज बांदिल, जिला कोषाध्यक्ष लकी बंसल, जिला कार्यकारी अध्यक्ष गौरव मित्तल, पंकज गोयल निखिल बंसल, सुनील राठी आदि सदस्य उपस्थित हुए।



## बच्चों को कोरोनारोधी टीका लगाने का काम शुरू

**मुरैना।** जिले में 12 से 14 वर्ष आयु के बच्चों को कोरोनारोधी टीका लगाने का काम 23 मार्च से शुरू हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने नीलवर्ल्ड स्कूल पहुंचकर पहला टीका कक्षा 8वीं के छात्र सत्यम पुत्र अरविन्द सिंह तोमर को लगाकर टीकाकरण का शुभारंभ किया। इसके उपरांत सेन्टमेरी स्कूल एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 गणेशपुरा मुरैना का निरीक्षण किया और टीकाकृत बच्चों से चर्चा की। डॉ. शर्मा ने कोविड-19 से बचाव टीकाकरण से प्रभाव के बारे में जानकारी दी। साथ ही स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों को शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय डब्ल्यूएचओ के डॉ. राजावत, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गोयल, डीएचओ डॉ. अनुभा महेश्वरी, मीडिया अधिकारी श्रीमती वसंती बाजौरिया, डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



## पोक्सो अधिनियम के अभियुक्त की जमानत याचिका खारिज

**मुरैना।** न्यायालय श्री सुरेन्द्र कुमार, द्वितीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश तहसील अम्बाह जिला मुरैना ने धारा 363, 376 भादवि व धारा 3/4 पॉक्सो अधिनियम के अभियुक्त की जमानत याचिका निरस्त की है। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने घटना के बारे में बताया कि थाना नगरा क्षेत्र के गांव में 15 वर्षीय बालिका अपने नाना-नानी के यहां ही पढाई लिखाई व बचपन से ही निवास कर रही थी। अभियुक्त उस 15 वर्षीय बालिका को बहला फुसलाकर मामा के घर से भगाकर ले गया। नगरा पुलिस द्वारा मोबाईल की लोकेशन के सहयोग से बालिका को ग्वालियर से दस्तयाब किया तथा बालिका के बताए अनुसार आये साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध बलात्कारी संबंधी धारायें इजाफा की गई। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक निरोध में भेजा गया। अभियुक्त के अधिवक्ता द्वारा जमानत का आवेदन माननीय न्यायालय में इस निवेदन के साथ पेश किया कि अभियुक्त को इस केस में झूठा फसाया है तथा वह 10 दिन से न्यायिक अभिरक्षा में है, उसके भागने की संभावना नहीं है, इसलिये जमानत पर छोडे जाने का निवेदन किया।

# ग्राम भड़ोली में मच्छरों, मक्खियों से मिली निजात, ग्रामीणों को मिला रोजगार





**मुरैना।** जनपद पंचायत अम्बाह की ग्राम पंचायत भड़ोली में जगह-जगह कचरे के ढ़ेर एक आम बात थी, जिसके कारण ग्राम पंचायत का पर्यावरण दूषित हो रहा था। ये कचरे के ढ़ेर बीमारियों के वाहक मक्खी, मच्छरों के घर के रूप में जगह-जगह दिखाई दे रहे थे। वहीं कचरा, मक्खी, मच्छर, जूते, चप्पल, वाहन, हवा और आँधी के माध्यम से पुनः घर में वापस होता था और बीमारियों को न्योता देता था। ग्राम पंचायत भड़ोली द्वारा समस्या के समाधान के रूप में कचरा वाहन द्वारा घर-घर कचरा कलेक्शन का कार्य प्रारंभ कराया गया, वहीं कचरे को एक स्थान पर एकत्रित करने का कार्य भी किया गया। जिसके लिये सेग्रिसन शेड (कचरा संगठन केन्द्र) का भी निर्माण कराया गया, जिससे कचरे की समस्या से निजात मिल सके। संस्था, गली, मोहल्लों की नियमित सफाई के लिये सफाई कर्मियों को कार्य सौंपे गये। जिससे एक ओर जहाँ ग्राम पंचायत की सफाई का स्तर बढ़ा, वहीं दूसरी ओर बेरोजगार सफाई कर्मचारियों को रोजगार भी उपलब्ध हुआ। नगर निगम की तर्ज पर ग्राम पंचायत भड़ोली में सार्थक प्रयास किया गया। ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती कमलेश शंखवार, सचिव चेतराम शंखवार ने बताया कि कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह और जनपद पंचायत अम्बाह की सीईओ श्रीमती सुमन चक चौहान के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में यह कार्य संभव हो सका है। सुबह-सुबह ग्रामीणों के कानों में स्वच्छता का संदेश देता कचरा वाहन ''स्वच्छता का ये वादा कर लिया हमने'' ग्रामीणों के बीच गौरव और सम्मान का विषय बना है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन की सफलता से ग्रामीण बेहद प्रसन्न है।

## बिल मॉफी के नाम पर जनता से छलावा कर रही प्रदेश सरकारः परमार



**मुरैना।** सराय छोला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश सिंह परमार ने मप्र सरकार ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत् घरेलू उपभोक्ताओं के बिल माफी के नाम पर प्रदेश की जनता के साथ बहुत वडा छलावा किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उप चुनाव 2020 के समय शिवराज सरकार ने घोषणा कर अगस्त 2020 में कोरोना समय के बिल माफ किये थे ओर उसी माह बिजली बिल जीरो कर नए सिरे से बिल आने लगे थे तथा जनता ने भी इस बात को लेकर उपचुनाव में भाजपा को वोट भी दिया था, फिर दिसम्बर 2021 में ऊर्जा मंत्रालय का एक आदेश आया कि अगस्त 2020 में बिल माफ नहीं स्थगित किये थे, लेकिन जो व्यक्ती सिर्फ (1000 वाट तक) उस बिल को एक साथ भरेगा, उसको 40 प्रतिशत छूट देंगे अन्यथा जनबरी 22 में उक्त स्थगित राशि को बिल में जोड दिया जायेगा। तब कुछ लोगो ने दवाव में आकर बिल भरे भी थे, लेकिन अब सरकार पर ज्यादा दवाव पडा, क्यों कि पुरानी माफ की हुई राशि को बिल में जोडते ही हंगामा हो जायेगा (जो बिलो में थी नहीं), अब सरकार ने उक्त पहले ही माफ की राशि को माफ करने का फैसला किया हे, साथ ही जिन लोगो ने उस समय दवाव में आकर बिल भर दिए थे, उनकी उक्त राशि को आगामी बिलो में समायोजित कर दिया जायेगा। हालाँकि माफी का आदेश अभी आया नहीं है और आगामी अप्रेल के फर्स्ट वीक में आदेश आने की संभावना है, हो सकता हे, उस आदेश में 1000 किलोवाट का पेच फसाकर सरकार फिर प्रदेश की जनता के साथ छलावा कर सकती है।




## बच्चादानी के ऑपरेशन में आयुष्मान कार्ड बना सहयोगी



**मुरैना।** आर्थिक तंगी से परेशान 36 वर्षीय श्रीमती शारदा की बच्चेदानी के ऑपरेशन के लिये आयुष्मान भारत निरामय कार्ड सहयोगी बना। मुरैना निवासी 36 वर्षीय श्रीमती शारदा पत्नि विनोद माहौर ने बताया कि मेरे पेट में लगातार दर्द बना रहता था, जगह-जगह प्रायवेट अस्पतालों में दिखाने पर डॉक्टर यही सलाह देते थे कि बच्चेदानी को निकलवाना पड़ेगा। इसके ऑपरेशन पर 40 हजार रूपये खर्च होंगे। मैंने पार्वती नर्सिंग होम मुरैना में भी दिखाया, वहां पर भी ऑपरेशन के लिये 40 हजार रूपये की बात और जिला अस्पताल में उपचार कराने की सलाह दी। श्रीमती शारदा के पति विनोद माहौर ने बताया कि मैं गरीब आदमी, मेहनत मजदूरी करके कैसे भी दो जून की रोजी रोटी कमा पाता हूँ। ऐसे में पत्नि के ऑपरेशन के लिये 4040 हजार रूपये कहाँ से लाऊ। विनोद माहौर ने बताया कि मैं पत्नि को लेकर जिला अस्पताल पहुँचा, मैंने सर्जन डॉ. अनूप गुप्ता से चर्चा की तो उन्होंने मेरी गरीबी तंगी हालत को देखकर भारत आयुष्मान कार्ड बनवाया। डॉ. अनूप गुप्ता ने पत्नि को जिला अस्पताल में ऑपरेशन करने के लिये 12 मार्च को सुबह भर्ती कर लिया। 14 मार्च को पत्नि श्रीमती शारदा की बच्चेदानी का सफल निःशुल्क ऑपरेशन हो गया। मेरी पत्नि अब पूरी तरह से ठीक है। अस्पताल से पूरी तरह से निःशुल्क दवाईयाँ भी दी गई। मेरे द्वारा एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ। विनोद माहौर ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देते हुये कहा है कि वास्तव में भारत आयुष्मान कार्ड गरीबों के लिये उपचार हेतु वरदान का काम कर रहा है। जब मैंने यह सुना कि इस कार्ड से 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क उपचार कराये जा सकते है तो मुझे बड़ी खुशी हुई, ऐसी सरकार से हम गरीब बहुत खुश है।

# बलिदान दिवस पर व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन



**मुरैना।** बुधवार को भगत सिंह सुखदेव तथा राजगुरु के बलिदान दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 मुरैना में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ राकेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र के क्रम में स्वाधीनता का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में कार्यक्रम के कैलेंडर के अनुसार 23 मार्च 2022 भगत सिंह, शिवराम राजगुरु एवं सुखदेव थापर के बलिदान दिवस पर स्वाधीनता संग्राम में क्रांतिकारियों का योगदान विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संस्था के प्राचार्य एस आर गुर्जवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु के चित्र पर प्राचार्य एस आर गुर्जवार, डॉ राकेश कुमार शर्मा, उमेश कुमार तिवारी, रामबरन और भगवती पचौरी, छविराम धाकड़, कमलेश शर्मा द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्राचार्य द्वारा भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 17 दिसंबर 1929 को लाला लाजपत राय की मृत्यु का बदला लेने के लिए अंग्रेज पुलिस अधिकारी जेपी सांडर्स की हत्या की थी। मां भारती के वीर सपूतों द्वारा 23 मार्च 1931 को देश की खातिर हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम लिया था। फांसी के वक्त भगत सिंह की उम्र 23 वर्ष राजगुरु की उम्र 22 वर्ष तथा सुखदेव की उम्र 24 वर्ष थी। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जग्गा का पुरा के माध्यमिक शिक्षक दिनेश सिंह सेंगर द्वारा काव्य पाठ किया गया तथा 31 मार्च 2022 को सेवानिवृत्त होने जा रहे माध्यमिक शिक्षक राजेंद्र सोनी का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय से रामस्वरूप कुशवाहा, गिर्राज शर्मा सहित जिले के 50 शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ राकेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

# उत्कृष्ट विद्यालय के सात दिवसीय शिविर का द्वितीय दिवस

## ■ अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं -डॉक्टर हिमांशु बंसल।
## ■ माता पिता ईश्वर की साक्षात प्रतिकृति है-संजय उपाध्याय

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शिविर के द्वितीय दिवस पर बौद्धिक सत्र में डॉ हिमांशु बंसल मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए उन्होंने मानवाधिकार मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार से बताया।विशिष्ट अतिथि जिला रोजगार अधिकारी उपेंद्र शर्मा ने रोजगार का पंजीयन और स्वरोजगार के बारे में बच्चों को जानकारी देते हुए प्रोत्साहित किया तथा कैरियर काउंसलिंग के बारे में उनका मार्गदर्शन किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आईटीआई के प्राचार्य श्री योगेश शर्मा जी ने स्किल डेवलपमेंट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 10 और 12 वीं के बाद भी रोजगार में कई अवसर प्राप्त कर सकते हैं ।आईटीआई में संचालित इलेक्ट्रिशियन , फिटर, बेल्डर का डिप्लोमा लेकर आप अच्छा जॉब प्राप्त कर सकते हैं। समाजसेवी सेवानिवृत्त इंजीनियर संजय उपाध्याय जी ने भारतीय संस्कृति पर बोलते हुए कहा कि इस पृथ्वी पर माता-पिता जीते जागते ईश्वर के प्रतिरूप हैं हमें उनकी सेवा-सुश्रुषा करके और उनकी आज्ञा का पालन कर पितृ ऋण से उऋण हो सकते है। जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह भादरिया ने शिविर ने पत्रकारिता एवं समाचार तैयार करने की विधा पर प्रकाश डालते हुए नेतृत्व के गुर छात्रों को सिखाए।। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेवक उदय प्रजापति निकिता राजावत एवं संजयदत्त शर्मा ने किया। स्वयंसेवक निशांत जादौन ने अध्यक्षता की तथा मुख्य अतिथि रौनक राजावत को बनाया गया। आभार शिविर संचालक कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर द्वारा व्यक्त किया गया।

आज दूसरे दिन का प्रथम सत्र योग और व्यायाम से प्रारंभ हुआ जिसमें पतंजलि जिला योग प्रभारी बृजेश चौहान, श्री कप्तान सिंह राठौर ,जिला युवा अधिकारी आशुतोष



साहू एवं आचार्य बदन सिंह बघेल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।योग में सूक्ष्म योगिक क्रियाएं करवाई गई तथा कपालभाति, अनुलोम विलोमऔर भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया।परियोजना कार्य में आज मंदिर परिसर और गायत्री विहार कॉलोनी के पार्क में सफाई और स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद श्रम सीकर सत्र में में साइकिलिस्ट बृजेश शर्मा जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उन्होंने बताया कि साइकिल के ऐसा परिवहन है जो पूरी तरह पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त है तथा शारीरिक रूप से पूरी तरह सक्षम बनाता है। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प छात्रों को दिलाया।

सांस्कृतिक संध्या में प्रोफेसर इकबाल अली प्रयावरणविद एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जेपी शर्मा ने सड़क यातायात नियमों का पोस्टर रिलीज करते हुए छात्रों को यातायात के नियमों के बारे में बताया और कहा कि जब भी हम किसी दुपहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट जरूर लगाएं और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें। साथ ही सड़क पर यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने जीवन को सुरक्षित रखें। मानवता फाउंडेशन से सतीश राजावत जी ने कहा कि निकट भविष्य में हमारे लिए सबसे बड़ा संकट जल संकट का होने वाला है इसलिए हम एक एक जल का प्रयोग सोच समझ कर करें।नदियों को बचाएं ,पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ पौधे लगाएं तभी हमारा कल का भविष्य सुरक्षित रह सकता है। कार्यक्रम में उदय प्रजापति निकिता राजावत निशांत जादौन, आदित्य पुष्पा यादव रामू ओझा, रौनक राजावत सुप्रिया त्रिपाठी,संतोष पाठक हार्ड,शिव प्रताप, अनूप,हरेंद्र गौतम,रानू चौधरी,काजल नरवरिया,सचिन खन्ना सहित स्वयंसेवक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## गोभक्त महेंद्र मुणोत ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरण किये



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर** ्कर्नाटका राज्य नाडा शक्ति महिला संघ एवं रूपा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मदनायकना हल्ली स्थित पद्मावती कल्याण मंडप में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए मुख्य अतिथि गोभक्त महेंद्र मुणोत एवं शिक्षक मौजूद थे

## दतिया कोतवाली पुलिस द्वारा एक नाबालिग बालिका को आरोपी के चंगुल से कराया मुक्त




**संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजली टुडे**

दतिया पुलिस अधीक्षक अमन सिह राठौर के निर्देशन में अति पुलिस अधीक्षक श्री कमल मोर्य एवं एसडीओपी महोदय श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा के द्वारा थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 105/22 धारा 363 भादवि में 17 वर्षीय बालिका को दस्तयाव करने हेतु टीम गठित की गई जिसने बालिका को आरोपी विक्की अहिरवार के कब्जे से दस्तयाव किया व बालिका का अपहरण कर शादी करने , व शारीरिक शोषण करने के लिये अपहृता को ले जाने बाले आरोपी विक्की अहिरवार निवासी गल्ला मण्डी के पीछे दतिया को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय पेश किया व अपह्त बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया बालिका की दस्तयाबी में सराहनीय भूमिका - निरी. रविन्द्र शर्मा ,उनि कृष्णा शर्मा ,सउनि सियाराम शाख्य ,मआर. राजमनी राजा की रही।

# बस के नंबर को लेकर बस मालिकों में हुआ विवाद

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी के बस स्टैंड से है जहाँ बस के परमिट के हिसाब से नंबरों को लेकर दो बस मालिको मैं आपस मे विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि एक बस के मालिक ने अपने चार दोस्तो के साथ मिलकर दूसरे बस मलिक की मारपीट कर दी प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश खटीक पुत्र हरीशकर खटीक उम्र 30 साल निवासी सईसपुरा पीपल वाले कुआ के पास वाई 29 शिवपुरी ने अपने भाई मदन खटीक व राजू खटीक के उपस्थित थाना आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि वह मा पीताम्बरा बस के एम.पी.33 पी 2986 का मालिक हूँ शाम 03ः45 बजे करीब अपनी गाड़ी को पोहरी बस स्टेण्ड पर शिवपुरी से गुना के लिये निकाल रहा था तभी जयसिंह रावत, बृजेश रावत,नीलू रावत, अशोक गुप्ता चारो आये और मुझसे बोले अपनी बस को तू बस स्टेण्ड के अन्दर कैसे लाया मैने कहा परमीट के मुताबिक अपनी बस को बस स्टेण्ड पर लाया हूँ इसी बात पर चारो ने लातघूसों व डंडों से मेरी मारपीट की जिससे मेरे



बायें आंख पास चोट लगकर खून निकला तथा दाहिने कान में चोट होकर खून निकला तथा चेहने पर माथे व शरीर में जगह जगह तथा दोनो पैरो मे मूदी चोटे आई तथा मूह से खून भी निकला था मौके पर सोनू शाक्य व अमर शेजवार व अन्य लोग आ गये थे जिन्होंने मेरा बीच बचाव किया जाते समय उक्त चारों ने मुझे धमकी दी दुवारा बस स्टेण्ड पर तून पैर रखा तो तूझे जान से खत्म कर देंगे पुलिस ने मामले मैं मुकदमा दर्ज कर मामले के छानवीन शुरू कर दी है।

## क्षत्रिय खंगार परिहार समाज के युवाओं का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे अरूण खंगार**

**पोहरी,** आज पोहरी तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत माचा खुर्द समुदायक भवन पर में युवा होली मिलन समारोह संपन्न हुआ जिसमें नए युवाओं ने कार्यक्रम युवा ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर के एवं गले मिलकर के शुभकामनाएं प्रेषित की में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मिलन सम्मान समारोह में कई वरिष्ठ लोग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारी बनाए गए एवं अतिथियों का कार्यक्रम में रूपरेखा करते हुए युवा ने माल्यार्पण करके बड़े जोर शोर से उनका स्वागत सत्कार किया जिसकी अध्यक्षता कर रहे काशीराम परिहार रिटायर एसपी स्टेनो मुख्य अतिथि रहे गब्बर परिहार नगर उपाध्यक्ष एवं पार्षद शिवपुरी मजबूत सिंह अनुसूचित जनजाति जिला उपाध्यक्ष जी बलवीर मिर्धा शहर उपाध्यक्ष कांग्रेस मोहन सिंह ग्रामीण महामंत्री वही गब्बर परिहार ने अपने उद्बोधन में कहा बच्चों को शिक्षित करने और नशे से दूर रहने की सलाह दी पोहरी ब्लॉक प्रभारी लाखन सिंह परिहार मौजूद रहे रम सिंह मचा उमेद मचा गोलू परिहार गिर्राज भाव खेड़ी बारेलाल परिहार सजय परिहार राजौआ कन्हैया लालसोनू रतन सिंह खंगार बल राम सिंह कोठारी सोनी पुरा धरा एवं युवा उपस्थित रहे।



## संयुक्त मोर्चा कर्मचारियों ने पिछोर एसडीएम को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 969133826**

**पिछोर,** पिछोर विकासखंड की सभी कर्मचारी और अधिकारियों की संयुक्त मोर्चा ने एकजुट होकर माननीय मुख्यमंत्री के लिए अनुविभागीय अधिकारी जेपी गुप्ता को सौंपा ज्ञापन जिसमें मुख्य रूप से पुरानी पेंशन बहाली और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता क्रमोन्नति पदोन्नति और शेष न्याय उचित मांगों के पक्ष में मांग रखी गई जापान में शामिल मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा से वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रांतीय प्रवक्ता शासकीय अध्यापक संगठन से आनंद लेटोरिय तहसील पिछोर संयोजक प्रांतीय सचिव मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस से सत्येंद्र राज भट्ट तहसील पिछोर संरक्षक सुरेंद्र शर्मा पिछोर तहसील अध्यक्ष एवं पिछोर ब्लॉक अध्यक्ष शासकीय अध्यापक संगठन से सतीश शर्मा श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ एवं राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संघ पिछोर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश का कचवारे जिला उपाध्यक्ष शासकीय अध्यापक संगठन जिला शिवपुरी रामदेवी कारोठिया मध्य प्रदेश पुरानी पेंशन बहाली महासंघ संजय भदोरिया शिक्षक इंद्रपाल सिंह चौहान शिक्षक राजेंद्र सिंह बुंदेला शिक्षक श्रीमती अंजू साहू शिक्षक मनीराम शर्मा विनोद भार्गव शिक्षक गजेंद्र साहू अरविंद श्रीवास्तव शिक्षक वीर सिंह लोधी शिक्षक डी एस चौहान आम आदमी पार्टी श्रीकांत पाराशर शिक्षक विनोद दोहरे तहसील अध्यक्ष मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेश एमआर सोज एस एच धरमवीर और से सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने मिलकर ज्ञापन दिया वह पुरानी पेंशन बहाली के लिए जोरदार आवाज के साथ नारे लगाए और सहयोग प्रदान किया

# विश्व क्षय दिवस 24 मार्च 2022 के अवसर पर जनजागरूकता रैली का आयोजन

**मोनू नामदेव शिवपुरी 9993931230**

**शिवपुरी।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पवन जैन की अध्यक्षता एवं डॉ. संकल्प जैन मेडीकल ऑफिसर जिला क्षय केन्द्र की उपस्थिति में जिला क्षय केन्द्र शिवपुरी से जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पवन जैन ने कहा की टीवी जैसी जानलेवा बीमारी का अब अचूक उपचार शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क प्रदाय किया जाता है समस्त उपस्थित आशा कार्यकर्ता इसके बारे में आम जनता को जागरूक करें एवं अधिक से अधिक मरीजों को खोजकर उपचार पर रखे। वरिष्ठ प्रयोगशाला निरीक्षक श्री इन्द्र कुमार गुप्ता जिला क्षय केन्द्र के द्वारा बताया गया कि टीबी की बीमारी प्रमुख रूप से सहरिया आदिवासी समुदाय को प्रभावित करती है एवं वह उपचार के बीच में ही दवा छोड़ देते है अतः उन्होंने ऐसे समुदाय पर प्रमुख रूप से ध्यान देने की बात कही। साथ ही बताया की एमडीआर बिगड़ी हुई टीबी की जाच हेतु जिला चिकित्सालय में दूनेट एवं जिला क्षप केन्द्र में सीबीनेट मशीन संचालित है। वरिष्ठ उपचार निरीक्षक रिजवान अहमद कुरेशी द्वारा बताया गया की टीबी मरीजों के लिये भारत सरकार द्वारा निश्चय पोषण योजना संचालित की जा रही है जिसमें भारत सरकार के द्वारा प्रत्येक टीबी मरीज को उपचार के दौरान पांच सौ रूपये प्रतिमाह की पोषण राशि प्रदान की जाती है उसके बारे में भी कार्यशाला में उपस्थित समस्त आशा कार्यकर्ताओं को आम जनता को जागरूक करने के लिये कहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पवन जैन द्वारा अध्यक्ष के रूप में कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये विश्व क्षय दिवस पर हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया इंद्रकुमार गुप्ता एवं टीबी हेल्थ विजीटर श्री महेन्द्र मिश्रा के मागदर्शन में जनजागरूकता रैली को शहर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया एवं जिला क्षय केन्द्र पर रैली का समापन किया गया। अंत में वरिष्ठ प्रयोगशाला निरीक्षक इंद्रकुमार गुप्ता के द्वारा समस्त आशा कार्यकर्ताओं को स्वल्प आहार का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# तेन्दु फल औषधीय गुणों से भरपूर, बिकने के लिए शहर पहुंचा अवैध कटाई के कारण कम हो रहे है वृक्ष

**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण फल तेंदू का वजूद खतरे में है यह फल जंगलो से गायब होने लगा है क्योकि इसके पेड़ कम हो रहे है अवैध कटाई और वन विभाग के लापरवाही के चलते आगामी कुछ वर्षो में यह अनूठा फल खत्म हो जाये इससे इंकार नहीं किया जा सकता, इस समय मौसम की मार से बारिश एवं ओलावृष्टि के चलते भी फसल को नुकसान हुआ है, ज्ञात हो कि वनो में पाया जाने वाला इस स्वादिष्ट फल को काफी गुणकारी माना जाता है मध्यम ऊंचाई करीब 20 से 50 फीट तक ऊंचे एवं घना छायादार होता है भर्री, टीकरा, मेड़, खेत, बंजर पथरीली मुरमी भूमि सहित छोटी पर्वती श्रंखलाओं से मिलकर पड़े पर्वतो के अलावा घने जंगलो में यह निरंतर बढ़ता है इस पेड़ के नुकिलाकार पत्तो के बीच फल लगते है, गर्मी के दिनो मे इस फल की बहार छा जाती है यह फल पकने के बाद सुनहरे रंग

### ■ तेन्दु फल औषधीय गुणों से भरपूर, बिकने के लिए शहर पहुंचा अवैध कटाई के कारण कम हो रहे है वृक्ष

तथा चिकना एवं खुबसूरत दिखता है वहीं पके हुए तेंदूफल की मादक महक न केवल लोगो को बल्कि जंगल के जंगली जानवरो को भी बरबस अपनी ओर खींच लाती है भालू का तो यह प्रिय भोजन है तथा तेंदूफल पकने के समय इस वृक्ष के नीचे भालू डेरा जमाये रहता है जैसे ही पका हुआ फल झाड़ से टपकता है भालू झपट पड़ता है ग्रामीण ऐसा बताते है कि भालू के पाचनतंत्र से होकर गुजरने के बाद ही तेंदूफल के बीज का अंकुरण संभव होता है और तेंदूफल को लेकर कई अनुसंधान हो चुका है ,तेंदू फल का वृक्ष तेजी से घट रहा है जो चिंता का विषय है, बताया जाता है तेंदू बीजो से तेल और फलो के सत्व में औषधीय गुणो का प्रचुरता कब्ज दूर करता है इसके आलावा खून साफ करने के साथ उच्च रक्तचाप को नियंत्रण में रखता है वात रोगो की अक्सीर दवा के अलावा भीषण गर्मी में इसके सेवन से लू से न केवल बचाता है बल्कि शरीर में प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित करता है फिलहाल सरकार वनो में औषधीय और फलदार वन विभाग के माध्यम से पौधे उगाये जाते है और बारिश के दिनो जगह -जगह पौधा रोपण किया जाता है उसी तर्ज पर तेंदू पौधा का रोपण किया जाये तेंदू बीजो को अंकुरित योग्य बनाकर वन क्षेत्रो पहाड़ खाली जंगलो में जगह -जगह लगाया जाये जिससे वन क्षेत्रो में फलदार वृक्ष बड़ सके और वन्यप्राणी पशु पक्षी को भी आहार मिल सके लेकिन अब तक गुणो व औषधीय से भरा तेंदूफल को बचाने के लिए किसी ठोस नीति पर प्रयास करते नहीं दिख रहा है जाहिर है जंगल में बची यह प्रजाती कुदरती तौर पर किसी तरह अपना अस्तित्व बनाये हुए है चुकि अब

### ■ तेन्दु फल औषधीय गुणों से भरपूर, अवैध कटाई के कारण कम हो रहे है वृक्ष, बिकने शहर पहुंचा

छत्तीसगढ़ का अपना वन अनुसंधान केन्द्र है इसलिए तेंदू पौधा रोपण के लिए अनुसंधान एवं कारगार उपाय किया जाना चाहिए।

### पर्यावरण के लिए तेन्दु पेड काफी उपयोगी

तेंदू का एक और बहुमूल्य पक्ष है तेंदूपत्ता को हरा सोना के नाम से जाना जाता है शासन के माध्यम से तेंदूपत्ता की खरीदी की जाती है और इस पत्ते से बीड़ी बनाई जाती है इससे लगभग करोड़ो रूपये के व्यापार होता है साथ ही लाभांश की 80प्रतिशत राशि सीधे संग्रहक मजदूरो को दी जाती है, पाली के पोड़ी और रानीबछाली क्षेत्र के वरिष्ठ ग्रामीण जागेश्वर नेताम, बनसिंह सोरी, पिलेश्वर सोरी, छबीलाल दिवान, प्रेमसाय जगत, रायसिंह ध्रुव, खेलन नेताम, चमरू राम, नकछेडा ध्रुवा, नाथूराम ध्रुवा बताते है पर्यावरण के लीहाज से तेंदू पेड़ काफी उपयोगी है इसके नीचे खूब उगने वाली घास चारा देने के अलावा भू संरक्षण का काम भी करती है गर्मी के मौसम में जब अन्य फलो की कमी होती है तो रेसेदार मिठास से भरा तेंदू का फल राहत पहुंचाता है लेकिन तेंदूपत्ता का दुखद पहलु यह है कि भर्री, टीकरा, आबादी एवं कृषि क्षेत्र में बहुत अधिक संख्या में पाये जाने वाला बड़े -बड़े वृक्ष कम होते जा रहे है, ग्रामीण बताते तेंदू का फल भालू, बंदर, लोमड़ी व अन्य वन्यप्राणियो को काफी पसंद है लेकिन तेंदू की घटती जंगल से अब बंदर भी वनो से निकलकर गांवो की तरफ रूख कर रहे है खेतो के फसल को नष्ट कर रहे है, ग्रामीणो ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि घटती तेंदू की जंगल का विकास किया जाये।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर होली फाग समारोह सम्पन्न
### रंगपंचमी के अवसर पर हुआ रंगभाँग कार्यक्रम

**उमाकान्त शर्मा संबाददाता चम्बल संभाग पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** शहर से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम नीमगाँव में शिव मंदिर पर होली के पावन पर्व पर होली मिलन व फाग समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया।मंदिर के पुजारी ने बताया कि ग्राम नीमगांव में रंगपंचमी के दिन शिव मंदिर पर रंगपंचमी व रंगभाँग का आयोजन किया गया।पुजारी श्री श्री1008 जगन्नाथ दास जी महाराज ने बताया कि मंदिर पर गाँव वासियो की बहुत आस्था है आपको बता दें कि इस मंदिर का निर्माण श्री नाथूराम करैया जी ने अपने ईष्ट देवों व पितरों की यादगार में करवाया था।होली पर्व के उपलक्ष्य में पं.श्री रामप्रकाश पुरोहित ने रंगभाँग व फाग का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के गांव के लोगों ने भी हिस्सा लिया।डॉ. रमाकान्त शर्मा की अनुशंसा पर संजीव शर्मा जिला ब्यूरो आर बी न्यूज़ व उमाकान्त शर्मा संबाददाता चम्बल संभाग दैनिक पुष्पांजली टुडे ने पहुँच कर सभी ग्रामवासियों के साथ होली खेली तथा शिव प्रसाद के रूप में भांग का वितरण भी किया।सभी लोगों ने शिव जी के दर्शन किये तथा मंदिर की सजावट भी की गई। फाग गाने वालों में नीमगांव, मठीपुरा बरोही,गिजुर्रा आदि गांव के लोगों ने हिस्सा लिया।इनमें मुख्य रूप से रामकिशन पुरोहित,नाथूराम करैया,शिवकुमार,सुंदर पाराशर, सुरेश, दिनेश, रामदत्त राजौरिया, रामसरन राजौरिया, हरसेवक राजौरिया, धर्मेंद्र पाराशर, छोटू पुरोहित, उमेश, अबधेश पुरोहित, बरोही से टिल्लू शुक्ला व उनकी टीम,ढोलक पर वीरेंद्र, मुन्ना,व अन्य लोगों में साथ दिया।



## बीचों बीच रोड़ पर रखी है कार, नही आ रही क्रेन और नही हो रही चालानी कार्यवाही।





**मोनू नामदेव**

**शिवपुरी।** खबर शिवपुरी से है जहां बीते कुछ दिनों पहले एसपी राजेश सिंह चंदेल द्वारा यातायात पुलिस को क्रेन मशीन की नई सौगात के रूप में दी गई थी। जिसमें जो वाहन रोड़ पर साइड में बनी लाइन के ऊपर है या रोड़ पर ही खड़े हुए है उनको क्रेन मशीन की सहायता से टो करके यातायात थाने लाकर चलानी करवाही की जा सके। लेकिन कुछ दिनों ही वाहनों पर लगातार कार्यवाही जारी रही वहीं गुरुवार को कोर्ट रोड़ पर लाइन के बाहर और रोड़ पर वाहन मौजूद मिले जिनको न ही क्रेन मशीन द्वारा टो किया गया और न ही कोई भी चालानी कार्यवाही की गई।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ झाला, हितग्राहियों में आक्रोश सर्वे टीम पर लगाये गम्भीर आरोप, जिलाधीश ने दिए पुनः जांच कराने के आदेश

### पीएम आवास योजना के हितग्राहियो ने भाजपा नेताओं से न्याय दिलाने की मांग की, कांग्रेस विधायक ने भी नगर पालिका पर लगाये आरोप

**मोनू बाथम पुष्पांजलि टुडे**

गोहद प्रधानमंत्री आवास योजना गोहद नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस चर्चा का कारण प्रशासन द्वारा बनाई गई सर्वे टीम है। कोरोना काल से पहले आवास योजना के लिए हितग्राहियो ने आवेदन नगर पालिका परिषद में जमा किये। लेकिन कोरोना के चलते सभी कार्य प्रभावित हुए। कोरोना के बाद पुनः नगर पालिका द्वारा आवास योजना के आवेदनों पर कार्य शुरू किया। एसडीएम गोहद द्वारा हितग्राहियो के आवेदनों की जांच के 3 नोडल अधिकारियों के बीच 52 सदस्यीय दल गठित किया जिसने नगर पालिका के 18 वार्डो का सर्वे किया लेकिन दिलचस्प बात यह रही कि इस 52 सदस्यीय दल को प्रधानमंत्री आवास योजना के नियमो का ही पता नही था। हितग्रहियों का कहना है कि इस दल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे बीपीएल योजना के नियमानुसार किया और हितग्राहियो के यहां जाकर टीवी, फीज, कूलर, मोटरसाइकिल, साइकिल तक चेक कर डाली। कई हितग्रहियों ने तो सर्वे टीम पर पेसो की मांग करने के भी आरोप लगाए है।

नगर पालिका को करीब 2082 हितग्राहियो के आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से सर्वे टीम द्वारा 533 आवेदनों को आवास योजना के लिए पात्र बताया। सर्वे टीम से प्रताड़ित हितग्रहियों ने स्थानीय भाजपा नेताओ से प्रशासन द्वारा बनाई गई सर्वे टीम पर पत्रों के माध्यम से गम्भीर आरोप लगाकर न्याय की गुहार लगाई वही कांग्रेस विधायक व नेताओ ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना में नगर पालिका द्वारा अपने चहेतों को लाभ दिलाने के गम्भीर आरोप लगाए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिकवा शिकायतों के कारण जिलाधीश द्वारा पात्र 533 हितग्राहियो की पुनः जांच कराने के आदेश दिए है।

### क्या है नियमः केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता में उन हितग्रहियों को शामिल किया जा सकता है।

1. लाभार्थी परिवार के पास या तो अपने नाम पर या भारत के किसी भी भाग में अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम पक्का घर (हर मौसम के लिए उपयुक्त) नहीं होना चाहिए।
2. लाभार्थी परिवार के पास पहले से ही भारत सरकार / राज्य सरकार से किसी भी हाउसिंग स्कीम के तहत केंद्रीय सहायता का लाभ नहीं होना चाहिए.
3. लाभार्थी परिवार को किसी भी प्राथमिक उधार संस्थान (%पीएलआई%) से कोई पीएमएवाय सीएलएसएस सब्सिडी - प्राप्त नहीं होनी चाहिए।

### विभिन्न आय समूहों के लिए पीएमएवाय पात्रता मानदंड 2022 इकोनॉमिक सेक्शन

- पारिवार वार्षिक इनकम
- अधिकतम कारपेट एरिया श्वङ्क्ष्स रु.3 लाख तक 30 वर्ग मीटर स्ढ्ढत्र रु.3 लाख से रु.6 लाख 60 वर्ग मीटर स्ढ्ढत्र आई
- रु.6 लाख से रु. 12 लाख 160 वर्ग मीटर स्ढ्ढत्र ढ्ढढ्ढ रु.12 लाख से रु. 18 लाख 200 वर्ग मीटर
- इन मानदंडों के अलावा, ये अन्य आवश्यकताएं हैं-
- केवल वैधानिक शहर, जनगणना 2011 के अनुसार, और बाद में अधिसूचित शहर इस स्कीम के तहत कवरेज के लिए पात्र हैं। निर्माण / विस्तार, जिसके लिए लोन लिया गया है, लोन राशि के 1ह्यह्ल किश्त के डिस्बर्समेंट की तिथि से 36 महीनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए.
- एलआईजी/ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के लिए- मिशन के तहत केंद्रीय सहायता के साथ निर्मित/प्राप्त मकान परिवार के महिला प्रमुख के नाम पर या घर के पुरुष प्रमुख और उसकी पत्नी के संयुक्त नाम पर होने चाहिए. अगर परिवार में कोई वयस्क महिला सदस्य नही है तो घर परिवार के पुरुष सदस्य के नाम हो सकता है।

### लोगो को कैसे मिलता है पीएम आवास योजना का फायदा-

- प्रधानमंत्री आवास योजना (क्क्रू्रङ्घ) का लाभ पहले सिर्फ गरीब वर्ग के लिए था. लेकिन, अब होम लोन की रकम बढ़ाकर शहरी इलाकों के गरीब और मध्यम वर्ग को भी इसके दायरे में लाया गया है. शुरुआत में पीएमएवाई में होम लोन की रकम 3 से 6 लाख रुपए तक थी, जिस पर ब्याज पर सब्सिडी दी जाती थी, अब इसे 18 लाख रुपए तक कर दिया गया है।ईडब्ल्यूएस (निम्न आर्थिक वर्ग) के लिए सालाना घरेलू आमदनी 3 लाख रुपए तय है. एलआईजी (कम आय वर्ग) के लिए सालाना आमदनी 3 लाख से 6 लाख के बीच होनी चाहिए. अब 12 और 18 लाख रुपए तक की सालाना आमदनी वाले लोग भी इसका लाभ उठा सकते हैं।भारत सरकार ने साल 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की थी. योजना को 3 चरणों में बांटा गया है. योजना का पहला चरण जून 2015 में शुरू हुआ, जो मार्च 2017 में खत्म हो गया. दूसरा चरण अप्रैल 2017 से शुरू हुआ और मार्च 2019 में खत्म हो गया. तीसरा और आखिरी चरण अप्रैल 2019 में शुरू किया गया और मार्च 2022 तक खत्म हो जाएगा।

## युवा मोर्चा देवेंद्र नगर के कार्यकर्ताओं ने आदिवासी परिवारों के बीच मनाया जिला अध्यक्ष का भास्कर पांडे का जन्म दिन



**गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना।** नवनियुक्त भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भास्कर पांडे का जन्मदिन जिले भर के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के लिए हर्षोल्लास का दिन रहा दिन रहा पूरे जिले के कार्यकर्ताओं ने अपने अपने तरीके से जिला अध्यक्ष का जन्म दिन मनाया इसी तारतम्य में आज देवेंद्र नगर के युवा मोर्चा के मोर्चा के उमेश पाठक गजेंद्र सिंह परमार , देवांश शुक्ला ,कृष्णा पाठक ,पुनीत जयसवाल एवम अन्य कार्यकर्ताओं ने आदिवासी बस्ती में गरीब बच्चो के बीच आइसक्रीम,फल वितरित कर जिला अध्यक्ष भास्कर पांडे का जन्म दिन मनाया,बच्चो ने भी अपने निराले अंदाज में भास्कर पांडे को जन्म दिन की शुभकामनाए प्रेषित की। इस मौके पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के प्रबल प्रत्याशी उमेश पाठक ने बताया की अध्यक्ष महोदय का बच्चो के साथ जन्म दिन मानना यादगार पल रहा आइसक्रीम और फल पाते ही बच्चो के चेहरे पर आई खुशी निश्चित हमारे कर्मठ जिलाध्यक्ष की उत्तरोत्तर प्रगति में साधक बनेगी।

# नगर परिषद ककरहटी की लापरवाही से कबाड़ में तब्दील हो रहे टैंकर।

**गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** ककरहटी- हम आपको बता दें कि नगर परिषद ककरहटी इन दिनों सुर्खियों में है। जहां पर हिटलर शाही एवं तानाशाही का दौर चल रहा है जब से नवागत सीएमओ की पदस्थापना नगर परिषद ककरहटी में हुई है तब से हिटलर शाही और तानाशाही का आलम बना हुआ है जहां एक ओर जिले के संवेदनशील मुखिया कलेक्टर महोदय के बार-बार निर्देशों के बाद भी अवहेलना की जा रही है। ऐसा ही एक ताजा



मामला नगर परिषद ककरहटी में देखने को आया है जहां पर खड़े टैंकर कबाड़ में तब्दील होते नजर आ रहे हैं। एक और भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति के लिए जिला प्रशासन सहित सभी नगर परिषदों के द्वारा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के प्रयास लगातार जारी हैं वही नगर परिषद सीएमओ पेयजल समस्या को लेकर लापरवाह नजर आ रहे हैं। तभी तो लाखों की कीमत के टैंकर रखे रखे कबाड़ में तब्दील होते जा रहे है। और बाद में यही टैंकर कबाड़ के भाव में बेचे जाएंगे। अगर समय रहते हुए इन टैंकरों की मरम्मत करवाई जाए तो यही टैंकर नगर की पेयजल आपूर्ति हेतु काम आ सकते हैं लेकिन शायद नगर परिषद सीएमओ की अपनी ही एक तानाशाही पूर्ण रवैया की कार्यशैली बन चुकी है जिससे नगर के जनप्रतिनिधियों सहित जनता अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रही है।

## सीरवी समाज ने निकाली रंगारंग गैर।




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**मध्यप्रदेश** -कुक्षी शीतला सप्तमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। शीतला सप्तमी पर नगर के सीरवी समाज ने सप्तमी पर रंगारंग सूखे रंगो से होली मनाई।कई वर्षो से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करते हुए सीरवी समाज द्वारा शीतला सप्तमी पर विशेष गेर का आयोजन किया जाता है।जिसमे समाज बंधु एक दूसरे को सूखे रंग गुलाल से होली खेलकर गेर निकालते हैं।गेर आई माता मंदिर से प्रारंभ होकर छोटी हताई,नयापुरा,रेट कुआ,सोनी मोहल्ला,महात्मा गांधी मार्ग होते हुए सीरवी मोहल्ला बड़ी हताई में पहुंचती है।गेर में सीरवी समाज सकल पंच के साथ बड़ी तादाद में समाज जन गेरिए होद खेलते हैं।इसी बीच में खंबे पर गुड तोड़ने की परम्परा है।जिसे देखने कई लोग पहुंचते हैं।

# दरवाजा निकालकर हुई रात्रि में चोरी

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 छतरपुरा में कैलाश पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल प्रजापति के सूने घर में घर के दरवाजे निकालकर कमरों में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर रात्रि में चोरों ने पूरा घर साफ कर दिया कैलाश ने फोन पर बताया कि एक लाख रुपए के लगभग मेरी चोरी हुई है जिसमें दो लेडीस अंगूठी, एक पुरुष अंगूठी, कान के बाला, करधोनी, पाजेव सहित शादी के बर्तन, गैस सिलेंडर, आदि चोर चोरी कर ले गए है मकान मालिक केलाश मजदूरी के लिए अहमदावाद (गुजरात) दो माह पहले गया हुआ है पड़ोस में रहने वाले उसके चाचा



आसाराम पुत्र सुमेर सिंह प्रजापति ने आज सुबह देखा तो मेन दरवाजे का ताला टूटा हुआ है जब अंदर जाकर देखा तो दोनों कमरों के दरवाजे बाहर निकले हुए थे अलमारी का लॉकर टूटा था सामान बिखरा पड़ा था गोहद थाना पुलिस को चाचा आसाराम पुत्र सुमेर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में आवेदन दिया तो पुलिस ने कहा कि मेन फरियादी को अहमदाबाद गुजरात से आना पड़ेगा तभी रिपोर्ट दर्ज होगी अहमदाबाद से कैलाश ने जानकारी देते हुए बताया है कि मेरे पिता का 4 माह पहले निधन हो गया था अब मैं अपने पिता के अकेला हूं और रोजगार की तलाश में अहमदाबाद आया हुआ हूं घर गृहस्ती का सामान पूरा मेरे घर में ही रखा था मुझे मेरे चाचा के माध्यम से पता चला है कि अज्ञात चोरों ने रात्रि में मेरे घर पर चोरी कर ली है जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए मैंने चाचा को थाने भेजा था लेकिन गोहद पुलिस ने अभी भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### इनका कहना है

चोरी का मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं है सूचना मिलने पर कार्यवाही की जावेगी।

**गोपाल सिंह सिकरवार** थाना प्रभारी गोहद

## मारपीट के आरोपियों को 6 माह का कारावास और 500 का अर्थदंड की सजा

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-दिनांक 23/03/2022 को न्यायालय पोहरी में हुए महत्वपूर्ण निर्णय में मारपीट के आरोपीगण सोनाराम राजा उर्फ़ राजपूत आनंद आदिवासी निवासी ग्राम ठेवला थाना गोवर्धन को दोषी पाते हुए 6 द्ब6 माह के कारावास एवं 500 ?500 के अर्थदंड से दंडित किया शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ विशाल काबरा ने की अभियोजन के अनुसार दिनांक 1110 2018 को समय रात के 9-00 बजे ग्राम ठेवला में फरियादी कैलाश के घर के सामने चबूतरे पर बैठा था तभी आरोपी गण सोनेराम आनंद एवं राजा ने कैलाश के साथ गाली गलौज की तभी उसकी पत्नी उर्मिला एवं उसकी लड़की सुरजा आई तो आरोपीगणों ने उर्मिला एवं सुरजा की मारपीट की पुलिस थाना गोवर्धन ने अपराध पंजीबद्ध कर आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय पोहरी में प्रस्तुत किया न्यायालय ने उसके समक्ष आई साक्ष एवं दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के पश्चात आरोपी गणों को छह छह माह के कारावास एवं 500 ?500 के अर्थदंड से दंडित किया

# अप कमिंग फ़िल्म की 95 प्रतिशत शूटिंग सीहोर में होगी

## 6 दिवसीय कार्यशाला का दी आक्सफोर्ड हा. से. स्कूल में शुभारंभ





**पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर।** हमारी आगामी फिल्म की पटकथा तैयार है। आने वाले दिनों में इसका निर्माण कार्य शुरू होने वाला है जिसकी 95 प्रतिशत शूटिंग सीहोर में ही होगी। इसकी सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से हम स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए उन्हें तराशने का कार्य कर रहे हैं। यह सुनिश्चित है कि स्थानीय प्रतिभा संपन्न युवाओं को इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में किसी न किसी रूप में अवश्य जोड़ा जाएगा।

यह बातें गुरुवार को देश के सुप्रसिद्ध फिल्म स्क्रिप्ट रायटर, एक्टर और डायरेक्टर श्री मोहन आजाद ने दी ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल के सभागार में आयोजित 6 दिवसीय स्क्रिप्ट रायटिंग एंड फ़िल्म मेकिंग वर्कशाप के शुभारंभ अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में कहीं। उन्होंने कहा कि आने वाला दौर युवाओं का है। फिल्मों में काम करने का सपना कभी न कभी हर युवा देखता है। फिर प्रशिक्षण और सुविधाओं का अभाव, टेलेंट होने के बाद भी अवसर नहीं मिलने के कारण उनका यह सपना टूट जाता है। हमने भी इस लाइन में बहुत संघर्ष किया है तब जाकर यह मुकाम मिला है। आपको यह संघर्ष न करना पड़े और काम करने का अवसर मिले यही इस वर्कशाप का मुख्य उद्देश्य है। मुझे विश्वास है कि हम इन छह दिनों में फ़िल्म विधा के महत्वपूर्ण बिंदुओं को बेहतर ढंग से जानेंगे और सीखेंगे। उन्होंने वर्कशाप के आयोजन में सहयोग देने के लिए आक्सफोर्ड स्कूल की संचालिका डॉ. बीना जे. कुरियन और स्कूल के संचालक वरिष्ठ एडवोकेट श्री जॉली कुरियन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके पहले कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के पूर्व श्री मोहन आज़ाद, मुख्य अतिथि पूर्व सिविल सर्जन जिला अस्पताल सीहोर डॉ. भरत आर्य, कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. बीना जे. कुरियन, मुंबई से आये श्री शैलेंद्र गोहिया, श्री विक्रांत गोहिया आदि का स्कूल बैंड के विद्यार्थियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दे कर स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों को बैज लगाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. बीना जे. कुरियन ने स्कूल की स्थापना से लेकर अभी तक के करीब 23 वर्ष के संघर्ष भरे सफर की सारगर्भित और प्रेरक जानकारी दी। शैलेंद्र गोहिया ने श्री मोहन आज़ाद के व्यक्तित्व और फ़िल्म जगत में उनके अमूल्य योगदान को लेकर आत्मीय चर्चा की। मुख्य अतिथि डॉ. भरत आर्य ने अपनी बंजर भूमि को परिश्रम के बल पर हरियाली से आच्छादित करने का प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि अपनी मेहनत, निष्ठा और लगन के बल पर लक्ष्य का संधान करें। सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम में स्कूल की दो छात्राओं हेलन लाजी व देवांशी चौरसिया ने आकर्षक एकल नृत्य भी प्रस्तुत किया। जिसकी अतिथियों व उपस्थितों ने तालियां बजाकर प्रशंसा की। गौरतलब है कि फ़िल्म से जुड़ी इस तरह की वर्कशाप का आयोजन सीहोर के इतिहास में पहली बार किया जा रहा है। वर्कशाप की आयोजक संस्था अंकुर मुंबई है जिसके संस्थापक श्री मोहन आजाद और उनकी धर्मपत्नी प्रसिद्ध रंगकर्मी व गायिका श्रीमती मधु मोहन आज़ाद हैं। कार्यक्रम का लयबद्ध संचालन वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रदीप चौहान ने किया। अंत में अतिथियों व सभी उपस्थितों का आभार मोनिका तिलवानी ने व्यक्त किया।

## विधायक मेवाराम जाटव के द्वारा नगरपालिका का घेराव आज

**गोहद।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा विधायक मेवाराम जाटव के नेतृत्व में आज गोहद नगरपालिका का घेराव किया जाएगा। आन्दोलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर ने पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से आह्वान किया है कि 25 मार्च 2022 को होने वाले नगरपालिका के घेराव को सफल बनाने हेतु शुक्रवार को विधायक बंगला गोलंबर तिराहे पर पहुंचकर एकत्रित हो। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक बंगला गोलंबर तिराहे से रैली निकाल कर सुबह 10-00 बजे नगरपालिका का घेराव कर तालाबंदी की जाएगी।

# अभी से तैयारी करें, बरसात में बिजली के लिये कोयले की कमी न हो

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पावर जनरेटिंग कम्पनी के कार्यों की समीक्षा में दिये निर्देश

ग्वालियर। बरसात में बिजली के उत्पादन के लिये कोयले की कमी नहीं होना चाहिये। अभी से पुख्ता तैयारी करें। आवश्यकतानुसार कोयले का भण्डारण कर लें। पैसे की कोई कमी नहीं है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि, की जा रही तैयारियों की हर 15 दिन में जानकारी दें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि बिजली का उत्पादन ब?ाने के लिये हर संभव प्रयास करें। बिजली उत्पादन संयंत्रों में ट्रिपिंग कम से कम हो। संयंत्रों की हीट रेट कम रखने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ताप विद्युत गृहों की राख के शत-प्रतिशत उपयोग की कार्य-योजना बनायें।



#### वार्षिक रख-रखाव हो गुणवत्तापूर्ण

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ताप विद्युत एवं जल विद्युत इकाइयों का वार्षिक रख-रखाव निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करवायें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वाणिज्यिक हानि कम करने के प्रयास करें।

#### जूनियर इंजीनियर के 900 पदों पर होगी भर्ती

प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे ने बताया कि विद्युत कम्पनियों में रिक्त जूनियर इंजीनियर के लगभग 900 पदों पर कर्मचारी चयन मण्डल के माध्यम से भर्ती करवायी जा रही है। जल्द ही मण्डल द्वारा विज्ञापन जारी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि असिस्टेंट इंजीनियर के पदों पर भर्ती 'गेट' (ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) के स्कोर के आधार पर की जायेगी। इसके लिये साक्षात्कार का प्रावधान नहीं होगा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने असिस्टेंट इंजीनियर के रिक्त पदों को समय-सीमा में भरने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार सेवानिवृत्त अधिकारियों की सेवाएँ भी संविदा पर रखने का प्रस्ताव बना सकते हैं। श्री तोमर ने ताप विद्युत गृह सारणी, श्री सिंगाजी खण्डवा और संजय गाँधी बिरसिंहपुर एवं सभी जल विद्युत गृहों की समीक्षा की। जनरेटिंग कम्पनी के एम.डी. श्री मनजीत सिंह ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न बिन्दुओं की जानकारी दी। इस दौरान चीफ इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सांसद शेजवलकर ने लोकसभा में मनरेगा के अनुपात 60:40 के परिवर्तन की उठाई मांग

**इससे मनरेगा से हो सकेंगे अधिक से अधिक विकास कार्य**

ग्वालियर। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने बुधवार को लोकसभा



में शून्य काल के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना (मनरेगा) का अनुपात 60:40 के परिवर्तन पर विचार करने का आग्रह भारत सरकार से किया है। लोकसभा में अपनी बात रखते हुये सांसद श्री शेजवलकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की गारंटी देने के लिए चलाई जा रही योजना से ग्रामीण रोजगार के साथ ग्रामीण क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्राक्चर के विकास में भी काफी काम हो रहा है। ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र के विकास खण्डों में जल संरक्षण हेतु पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार व मरम्मत, नदी नालों पर चेकडैम, स्टॉप डैम, सडक निर्माण आदि कार्य मनरेगा से किए जा रहे है। इन कार्यों में सामग्री अंश अधिक होने से 60:40 के अनुपात संधारण में समस्या होती है। सांसद श्री शेजवलकर ने लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से मनरेगा का अनुपात 60:40 के परिवर्तन पर विचार करने का अनुरोध करते हुये कहा कि इसे बढाने पर विचार करें जिससे मनरेगा के अंतर्गत इस तरह के अधिक से अधिक कार्य किए जा सकें। यह योजना डिमांड ड्रिवन होने के कारण इस हेतु पर्याप्त राशि उपलब्ध हो सकती है। सामग्री अंश या प्रतिशत बढाने से ग्रामीण क्षेत्र में अधिकाधिक विकास कार्य होंगे और अधिक से अधिक रोजगार भी उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यापीठ प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी करे आयोजन - मंत्री डॉ. मिश्रा

**प्रबंध समिति की हुई बैठक**




ग्वालियर। संसदीय कार्य एवं गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ द्वारा संचालित गतिविधियों का आयोजन प्रदेश के अन्य अंचलों में भी करने के निर्देश दिये। मंत्री डॉ. मिश्रा गुरूवार को मंत्रालय में संसदीय विद्यापीठ की प्रबंध समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष जबलपुर विधायक श्री अशोक रोहाणी, समिति सदस्य श्री प्रकाश तिवारी, अपर मुख्य सचिव संसदीय कार्य श्री आई.सी.पी. केशरी, विद्यापीठ की संचालिका डॉ. प्रतिमा यादव और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि संसदीय विद्यापीठ द्वारा किये जाने वाले आयोजनों में उपाध्यक्ष श्री रोहाणी सहित अन्य सदस्यों को आमंत्रित किया जाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रमों का आयोजन समिति सदस्यों से चर्चा कर तय किए जाएँ। बैठक में अकादमी की संचालिका ने अकादमी द्वारा संचालित की जाने वाली गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने समिति के समक्ष प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया।

### स्वच्छता पर निगमायुक्त हुए सख्त, जहां मिली गंदगी लगाया जुर्माना



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए आज जहां भी गंदगी एवं सफाई में लापरवाही मिली नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों के खिलाफ जुर्माने की कारवाई की और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित छोडे नहीं जाएगी। निगमायुक्त श्री कन्याल ने स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि जो कर्मचारी लेट या अनुपस्थित होता है।

## केले के ट्रक में छिपाकर ले जाया जा रहा एक करोड़ कीमत का अवैध गांजा पुलिस ने पकड़ा



ग्वालियर। पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन श्री अनिल शर्मा,भापुसे* एवं *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी(भापुसे)* के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में जीरो टोलरेंस नीति के तहत अवैध मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 23.03.2022 को रात्रि में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना झांसीरोड क्षेत्र स्थित विक्की फैक्ट्री तिराहा के आगे शिवपुरी लिंक रोड पर एक ट्रक खड़ा हुआ है जिसमें केले के बीच में अवैध रूप से गांजा छिपकर रखा गया है। उक्त सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* को क्राईम ब्रांच व थाना झांसीरोड की पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना की तस्दीक कर गांजा तस्करों को पकड़ने हेतु निर्देश किया गया।

अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक विश्वविद्यालय/डीएसपी क्राईम श्री रत्नेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन में उक्त सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु दिनांक 23.03.2022 की दरमियानी रात थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी. दामोदर गुप्ता तथा थाना प्रभारी झांसीरोड श्री संजीव नयन शर्मा की संयुक्त टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान विक्की फैक्ट्री चौराहे के आगे शिवपुरी लिंक रोड, फोरेस्ट डिपो के पास एक ट्रक खड़ा हुआ दिखा, उक्त ट्रक में पुलिस टीम को ट्रक चालक सहित तीन व्यक्ति बैठे दिखे। पुलिस टीम द्वारा ट्रक की तलाशी लेने हेतु ट्रक को अनलोड कराया गया तो ट्रक में 37 प्लास्टिक के बोरे मिले जिन्हे खोलकर देखने पर बोरों में गांजा भरा होना पाया गया। बोरों की तोल कराने पर प्रत्येक बोरे में 24-24 किलो ग्राम गांजा कुल 888 किलो कीमती लगभग एक करोड़ रूपये का पाया गया, जिससे विधिवत जप्त किया गया। इसके अलावा आरोपियों के पास से केले से भा ट्रक भी जप्त किया गया। पकड़े गये तीनों आरोपियों से गांजा लाने तथा बैचने के सबंध में की गई प्रारम्भिक पूछताछ में उन्होने बताया कि वह केले के ट्रक में गांजे की बोरियां भरकर हैदराबाद(आंध्रप्रदेश) से लाकर आगरा लेकर जा रहे थे और किसी को संदेह न हो इसलिए केलों से भरे ट्रक में गांजे की बोरियों को छिपा दिया था। थाना झांसीरोड में पकड़े गये आरोपी के खिलाफ दिनांक 24.03.2022 को अप.क्र. 151/22 धारा 8/20 एनडीपीएस का प्रकरण पंजीबद्व कर विवचेना में लिया गया है। ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति के तहत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

**जप्त मशरूका:** कुल 888 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग एक करोड़ रूपये, एक ट्रक कीमती 15 लाख रूपये तथा लगभग 12 टन केले कीमती 01 लाख रूपये।

**सराहनीय भूमिका:** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी. दामोदर गुप्ता थाना प्रभारी झांसीरोड निरी. संजीव नयन शर्मा क्राईम ब्रांच टीम- उनि नरेन्द्र सिसौदिया, सतीश यादव, प्रआर. चन्द्रवीर गुर्जर, भगवती सोलंकी, घनश्याम जाट, जितेन्द्र तोमर, रामबाबू, आर. आशीष शर्मा, नरवीर राना, रणवीर यादव, राघवेन्द्र भदौरिया, राजीव शुक्ला, अभिषेक तोमर, आर. चालक राजकुमार थाना झांसीरोड की टीम- उप निरी. यादवेन्द्र उपाध्याय, सचिन धाकड़, चेतन यादव, सउनि राजकुमार शर्मा, प्र.आर. सुरेन्द्र गिल, आर. जितेन्द्र शर्मा, जगजीत गिल, संदीप सेन, रामकेश गुर्जर, भूपेन्द्र घाकड़, अनिल राठौर की सराहनीय भूमिका रही।

## आजादी का अमृत महोत्सव एवं मतदाता जागरूकता विषयों पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित कर जनसंवाद के माध्यम से जागरूक किया गया




ग्वालियर। क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार ग्वालियर द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव एवं मतदाता जागरूकता विषय पर जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासकीय जीवाजी राव उ. माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के बीच विशाल जनसंवाद विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने आजादी का अमृत महोत्सव के महत्त्व को बताते हुए कहा कि हमारे देश को स्वतंत्र कराने में अनेकों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना बलिदान दे कर हमारे देश को स्वतंत्र किया। अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण करते हुए अनेक उदाहरण दे कर विस्तार से जानकारी दी एवं मतदाता जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत एक प्रजातांत्रिक देश है । निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाताओं को जागरूक करने का एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है , मुख्य उद्देश नए मतदाताओं को पंजीकृत करने के साथ-साथ मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है, वोट देने का अधिकार बहुमूल्य है मतदाताओं को इस अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। भारत की चुनावी प्रणाली दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रणाली है। पात्र मतदाता अपने नाम मतदान सूची में दर्ज कर मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम का भी यही उद्देश्य है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री निर्मल कुमार गुप्ता (मतदान प्रभारी) ने जानकारी देते हुए कहा कि मतदान करते समय मतदाताओं को ध्यान देना चाहिए कि जिस क्षेत्र में मतदान हो वहां मतदान अवश्य किया जाए ताकि मजबूत और सशक्त सरकार बनाई जा सके।

## सबजूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का विनर बना ग्वालियर



ग्वालियर। नगर निगम द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उनके द्वारा कहा गया कि निगम द्वारा आयोजित खेल कैलेंडर में जितनी भी प्रतियोगिता हैं वह सभी निगम द्वारा संपन्न कराई जाएगीं। सभी खिलाड़ियों के खेल जारी रहेंगे।

नगर निगम द्वारा आयोजित की जा रही 39वीं बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पुरूस वर्ग की प्रतियोगिता का समापन आज किया गया। सिटी सेंटर स्थित एकलव्य खेल परिसर व राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता पुरुष का आज नगर निगम आयुक्त श्री किशोर का कन्याल के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान, बॉक्सिंग संघ के टेक्निकल डायरेक्टर श्री वीरेंद्र ठाकुर, बॉक्सिंग के रियल हीरो अवॉर्डी कोच श्री तरनेश तपन उपस्थित रहे। सहायक खेल अधिकारी अयोध्या शरण शर्मा ने आभार व्यक्त किया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सब जूनियर में विनर ग्वालियर रहा तथा रनरअप जेडीबीए, जूनियर वर्ग में विनर टीएनएन तथा रनरअप ग्वालियर,



यूथ वर्ग में विनर टीटीएन तथा रनरअप आईएनडी एवं सीनियर वर्ग में विनर टीटीएन तथा रनरअप साई भोपाल रहा। इसके साथ ही बेस्ट बॉक्सर सबजूनियर में जबलपुर के मोहित नारायन, जूनियर वर्ग में साई जबलपुर के किशन चन्द्र को, यूथ वर्ग में जबलपुर के रूद्रजीत सिंह को एवं सीनियर वर्ग में भोपाल के सौरभ यादव को पुरूस्कृत किया गया।

#### 5वीं महिला राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

नगर निगम ग्वालियर द्वारा आयोजित की जा रही 5वीं महिला राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ एकलव्य खेल परिसर में कल दिनांक 25 मार्च को किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता एवं पूर्व खेल प्रभारी श्रीमती हेमलता रामेश्वर भदौरिया द्वारा किया जाएगा।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत खाद्य पदार्थो में मिलावट रोकने हेतु मुहिम चलाएगी



ग्वालियर। आज अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन पड़ाव स्थित कार्यालय पर किया गया. बैठक का संचालन जिला सचिव श्री सुनील श्रीवास्तव जी द्वारा किया गया बैठक में कुछ बहुत महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई है जिसमें ग्राहक जागरण पखवाड़े में किए गए कार्य और आगामी समय में किए जाने वाले कार्यों को चिन्हित किया गया. आगामी कार्यक्रमों में खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट को रोकने के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा एक विशेष मुहिम चलाई जाएगी जिसमें प्रशासन की पूरी सहायता ली जाएगी. और मिलावट पाए जाने पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा प्रशासन से दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही कराई जाएगी. दूसरा विषय सभी कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन ठगी और साइबर क्राइम से कैसे बचा सकता है इस हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा. जिससे वह जन जागरण का कार्य भली-भांति कर सकें. इस प्रशिक्षण के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्राहक के साथ हो रही ठगी और शोषण को रोका जाना है। आज की इस बैठक में मुख्य रूप से श्री दिनेश भागवत (प्रांत उपाध्यक्ष), श्रीमती आशा सिंह श्री (प्रांत महिला प्रमुख), श्री सुनील श्रीवास्तव (जिला सचिव), श्री अमित अरोरा (कोषाध्यक्ष) श्रीमती भारती श्रीवास्तव (सह कोषाध्यक्ष) श्रीमती सरोज गुप्ता श्रीमती तृप्ति भटनागर आदि उपस्थित रहे।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478